तापमान
अधिकतम 33.5 डिग्री
न्यूनतम 24.2 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार, 14 अगस्त 2024



15 पाटन कॉलेज की समस्याओं को लेकर एनएसयूआईं ने सौंपा ज्ञापन



15 अछोटी मुक्तिधाम में पौधारोपण



## खबर संक्षेप

### रिसाली में घर जाकर तिरंगा बांट रहीं महिलाएं



**भिलाई।** राष्ट्रव्यापी तिरंगा अभियान में रिसाली एनयूएनएलएम की महिलाएं राष्ट्रीय ध्वज लेकर घर-घर दस्तक दे रही है। वे झंडा देकर 15 अगस्त को घरों पर तिरंगा लगाने की अपील कर रही है। आयुक्त मोनिका वर्मा के मार्गदर्शन में डुण्डेरा मीडिल स्कूल के बच्चों ने भी रैली निकालकर घर-घर तिरंगा लगाने नारे भी लगाएं। स्वतंत्रता दिवस के पहले ही रिसाली निगम क्षेत्र के घरों में तिरंगा लहराने लगा है। पिछले तीन दिनों से आजीविका मिशन रिसाली की सीआरपी महिला सदस्यों को लेकर घरों तक पहुंच रही है। इसके अलावा शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय डुण्डेरा के बच्चों ने भी रैली निकाली। रैली में सीआरएस पिंकी सिंह, प्रीति साह और स्टेशन मरोद क्षेत्र में बसंती साहू और रेवती तांडी सिटी मिशन मैनेजर अरूणा धृतलहरे, आइरा आनंद, सहायक परियोजना अधिकारी सुरेश देवांगन, सीओ लता महानंद, कुंजेश्वरी साहू उपस्थित थीं।

### बेरोजगार के लिए एक दिवसीय कार्यशाला

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ सर्वसमाज संगठन द्वारा बेरोजगार युवक-युवतियों को स्वरोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 16 अगस्त को आफिसर्स एसो. बिल्डिंग प्रगति भवन सिविक सेंटर में सुबह 11 बजे एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला उद्योग केंद्र दुर्ग के सहयोग से किया जा रहा है।

### मालवाहक वाहन से 11 लाख का मिला गांजा

**भिलाई।** भारी मात्रा में दो माल वाहक से पुलिस ने गांजा बरामद किया है। जिसकी कीमत 11 लाख रुपए आंकी गई है। अज्ञात आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत कार्रवाई किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि मंगलवार की सुबह मुखबिर से पुलिस को सूचना मिली कि डीआई वाहन सीजी 04 जे 4787 में अवैध गांजा परिवहन किया जा रहा है। भटगांव निवासी संतोष द्वारा उड़िसा से भारी मात्रा में गांजा लाकर सप्लाई के लुए दो माल वाहक में चेम्बर बनाकर लाया करते थे। एसीसीयू टीम पैनी नजर लगाई हुई थी। पुलिस को सूचना मिली कि एक वाहन उडिसा गांजा लेने गई थी और गांजा लेकर आ गई है। टीम चौंकी जेवरा सिरसा के आस-पास के गांव भटगांव, करंजा भिलाई, रवेलीडीह, समोदा, अरसनारा में तलाश किया जा रहा था। एसीसीयू और जेवरा सिरसा पुलिस घेराबंदी किया। 13 अगस्त को कचांदूर गौठान खार के पास माल वाहक छिपाकर रखा गया था। जिसे पुलिस ने जब्त कर तलाशी लेने पर वाहनों में ट्राली के नीचे चेंबर में के भीतर 104 पाकेट गांजा करीब 113 किलो बरामद किया गया। जिसकी कीमत 11 लाख 25 हजार रुपए आंकी गई है।

### बारिश के पानी के साथ कचरा फंसने से मोटर प्रभावित

# तीन घंटे देरी से मिलेगा रिसाली और भिलाई निगम क्षेत्र में पानी

## शिवनाथ इंटकवेल का ट्रांसफार्मर खराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

शिवनाथ नदी में बारिश का पानी के साथ कचरा भी आ रहा है। जिसकी वजह से शिवनाथ इंटकवेल में लगे हाई पावर मोटर में कचरा फंस रहा। कचरा फंसने से मोटर का लोड बढ़ जा रहा है और ट्रांसफार्मर उड़ रहे हैं। मौजूदा स्थिति की वजह से रिसाली और भिलाई निगम क्षेत्र में बुधवार को पेयजल की सप्लाई दो से तीन घंटे तक प्रभावित रहेगी। ट्रांसफार्मर बनाने में विद्युत विभाग का अमला जुटा हुआ है।




### भिलाई व रिसाली निगम की टंकियों में पहुंचेगा देर से पानी

शिवनाथ इंटकवेल स्थित ट्रांसफार्मर देर रात तक बनने की उम्मीद है। उसके बाद रात को ही रिसाली और भिलाई निगम की उच्च स्तरीय जलाभार को भरना शुरू किया जाएगा। भिलाई निगम क्षेत्र की 12 और रिसाली निगम क्षेत्र की 4 उच्च स्तरीय पानी टंकियां हैं। इन टंकियों को भरने में ही सुबह हो जाएगी। इसलिए रिसाली और भिलाई निगम क्षेत्र में जैसे-जैसे उच्च स्तरीय पानी टंकिया भरती जाएगी वैसे-वैसे पानी सप्लाई करना शुरू कर देंगे। पिछली बार भी नगर निगमों में पानी सप्लाई में देरी होने की जानकारी विज्ञप्ति के माध्यम से दी थी लेकिन हाल यह था कि लोगों को दो-दो दिनों तक पेयजल के लिए दिक्कतें उठानी पड़ी।

### भिलाई निगम क्षेत्र में यहां होगी सप्लाई प्रभावित

भिलाई निगम क्षेत्र की उच्च स्तरीय पानी टंकियों से पेयजल सप्लाई प्रभावित होगी। जिसमें सुबह 7 सप्लाई होने वाली उच्च स्तरीय जलागार हैं, गौतम नगर, छावनी, खुर्सीपार, चंद्रा मौर्या, मदर टेरेसा, नेहरू नगर, स्मृति नगर, फरीदनगर, खम्हरिया, स्लॉटर हाउस और शाम 5:30 सप्लाई होने वाली उच्च स्तरीय जलागार वैशाली नगर, हाउसिंग बोर्ड, कुरूद ,कोहका -1 और चंद्रा मौर्या (जोन 1) शामिल हैं।

### रिसाली निगम क्षेत्र में इन टंकियों से सप्लाई प्रभावित

रिसाली निगम क्षेत्र की रिसाली, नेवई, मरोदा और रूआबांधा उच्च स्तरीय पानी टंकियों में पहले शिवनाथ इंटकवेल से पानी भरा जाएगा। उसके बाद इन टंकियों से पेयजल की सप्लाई शुरू हो पाएगी। रिसाली की पानी टंकी से प्रगतिनगर, मधुबन नगर, राजेन्द्र विहार आदि क्षेत्र आते हैं। नेवई पानी टंकी से नेवई, नेवई बस्ती, मरोदा पानी टंकी से एचएचसीएल कालोनी, बीआरपी कालोनी, यादव मुहल्ला, बाजार क्षेत्र, स्टेशन मरोदा, क्षेत्र आते हैं। रूआबांधा टंकी से रूआबांधा सहित आसपास की कालोनियों में पेयजल सप्लाई होती है।

### बारिश के सीजन में छठवी बार पेयजल सप्लाई प्रभावित

इस बारिश के सीजन में यह छठवीं बार है जहां पेयजल सप्लाई प्रभावित है। भिलाई नगर निगम और रिसाली नगर निगम क्षेत्र के वार्डों में लोगों को पेयजल के लिए जूझना पड़ा रहा है। शिवनाथ स्थित इंटकवेल के ट्रांसफार्मर व मोटर में खराबी पहले भी तीन बार आ चुकी है। तीन बार भिलाई निगम के 66 एमएलडी प्लांट में ट्रांसफार्मर व तकनीकी दिक्कतें आई थी। दोनों निगम क्षेत्रों में दो से तीन दिन तक पेयजल के लिए लोगों को दिक्कतें उठानी पड़ी।

**चार में से तीन मोटर ही चल रहे:** भिलाई निगम के मुताबिक शिवनाथ इंटेकवेल में 1 एचटी ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के कारण स्टैंड बाय ट्रांसफार्मर से 3 मोटर चलाकर 77 एमएलडी एवं 66 एमएलडी जल शोधन संयंत्र में जल प्रदाय किया जा रहा है। जिसके कारण निर्धारित समय में सभी जलागार नहीं भरा जा रहा है। इसलिए आंशिक रूप से जलप्रदाय के समय में परिवर्तन किया जा रहा हैं। ट्रांसफार्मर संधारण का कार्य किया जा रहा है ।

### पेट्रोलिंग बढ़ाने के भी दिए निर्देश

# स्वतंत्रता दिवस में सुरक्षा को लेकर आईजी की बैठक

### अपराध को लेकर समीक्षा भी किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

आईजी राम गोपाल गर्ग ने पुलिस कंट्रोल सेक्टर 6 में पुलिस अधिकारियों की बैठक लिया। बैठक में स्वतंत्रता दिवस की तैयारी और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा किया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर वीर शहीदों के सम्मान में शहीद परिवार के लिए उचित व्यवस्था के निर्देश भी दिए गए। 15 अगस्त में कोई भी अप्रिय स्थिति निर्मित न हो। सुरक्षा व्यवस्था के तहत संभावित खतरों की पहचान और उनकी रोकथाम के लिए रणनीतियों पर विशेष ध्यान दिया गया। इसके अलावा जिले के सभी थाना प्रभारियों को सुरक्षा प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करने और पेट्रोलिंग बढाने के निर्देश भी दिए। 3 घंटे से अधिक चली बैठख में अपराधों की रोकथाम के लिए गंभीर अपराध, हत्या, हत्या का प्रयास, अन्य जघन्य अपराधों के निराकरण, लंबित चालान, मर्ग प्रकरणों, शिकायतों के निराकरण के लिए कार्ययोजना बनाने, अनसुलझे मामलों, संपत्ति से जुड़े अपराधों में टीम बनाकर कार्रवाई को आईजी ने कहा है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास तेज करने पर भी जोर दिया।

### बैठक में ये हुए शामिल

समीक्षा बैठक में दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला,एएसपी अभिषेक झा, वेदव्रत सिरमौर,पद्मश्री तंवर, ट्रेनी आईपीएस चिराग जैन, सीएसपी हरीश पाटिल, एसडीओपी संजय पुंढीर, डीएसपी पनिकराम कुजूर, एसडीओपी आशीष बंछोर, डीएसपी सतीश ठाकुर, डीएसपी सदानंद विंध्यराज, चंद्र प्रकाश तिवारी, डीएसपी अलेक्जेंडर किरो समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे है।

### मुख्य अतिथि होंगे स्पीकर डॉ. रमन सिंह

# वसुंधरा सम्मान समारोह आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

लोकजागरण के लिए पत्रकारिता के क्षेत्र में दिया जाने वाला वसुंधरा सम्मान समारोह का आयोजन बुधवार को दोपहर 3:30 बजे महात्मा गांधी कला मंदिर सभागार में किया गया है। वसुंधरा सम्मान के संयोजक विनोद मिश्र, चतुर्भुज मेमोरियल फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. अरुण कुमार श्रीवास्तव, निर्णायक समिति के अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार दिवाकर मुक्तिबोध, बीएसपी ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह पत्रकार/लेखक डॉ. विश्वेश ठाकरे को वसुंधरा सम्मान से सम्मानित करेंगे। अध्यक्षता बख्शी सृजन पीठ के पूर्व अध्यक्ष सतीश जायसवाल करेंगे। समारोह में वरिष्ठ राजनीतिक प्रदीप चौबे और पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कीर्ति शेष देवी प्रसाद चौबे की 48वीं पुण्यतिथि पर आयोजित समारोह में ख्यातिलब्ध पत्रकार संपादक प्रकाश दुबे और हरिभूमि और आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी "राजनीतिक पत्रकारिता के मायने" विषय पर समारोह को संबोधित करेंगे। बीएसपी के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार विशिष्ट अतिथि होंगे। संस्कृति विभाग के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में मासिक पत्रिका कृति बहुमत व वसुंधरा के विशेषांकों का किया जाएगा।



■ आज मिलेगा डॉ. विश्वेश को वसुंधरा सम्मान

# विवाद के बाद युवक की हत्या, किया प्रदर्शन

### संदहियों को पुलिस ने पकड़ा, फरार की तलाश में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

आपसी विवाद के चलते एक युवक की हत्या का मामला सामने आया है। घटना पदमनाभपुर पुलिस थाना क्षेत्र का है। पद्मनाभपुर पुलिस ने बताया कि बोरसी भाठा वार्ड 50 निवासी शुभम बंदे घर से खाना खाकर टहलने निकला था। सोमवार रात कुछ युवकों से आपसी रंजिश को लेकर उसे चाकू डंडा से हत्या कर फरार हो गए। जानकारी मिलने पर परिजनों ने उसे उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया। शुभम रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना में आरोपियों ने युवक के पेट, पीठ पर चाकूओं से वार किया था। उपचार के लिए पहले जिला अस्पताल लेकर गए स्थिति गंभीर होने से परिजनों ने निजी अस्पताल लेकर गए। परिजन उसे जिला अस्पताल से निजी अस्पताल ले जा रहे थे। इस दौरान उसकी मौत हो गई। शुभम बंदे टाइल्स लगाने का काम करता था। पद्मनाभपुर पुलिस ने हत्या के मामले में चार संदहियों को पकड़कर पूछताछ कर रही है। बुधवार को हत्या के इस मामले में पर्दा उठ पायगा। शुभम की हत्या के बाद दोपहर में परिजनों ने शव को सड़क पर रख फरार आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। जानकारी लगने पर मौके पर पहुची पुलिस ने आरोपियों को जल्द पकड़ने का आश्वासन दिया। उसके बाद माहौल शांत हो पाया है।



### जिले में बढ़ रहे हैं अपराध

दुर्ग जिले में लगातार अपराध बढ़ रहा है। जिसे रोकने में पुलिस पूरी तरह फेल होती दिखाई दे रही है। बीते 6 माह में दो दर्जन से अधिक हत्या का अपराध हो तुका है। वहीं सबसे बड़ा उदाहरण गनियारी हत्याकांड है। जहां दादी पोती की एक साथ हत्या कर आरोपी तुरंत फरार हो गए। घटना को तीन माह से अधिक होने के बाद भी कोई अहम सुराग पुलिस के हाथ नहीं लग पाया है। पुलिस जिसे लेकर अलग-अलग तीन टीमे आरोपियों तक पहुचने का प्रयास कर रही है लेकिन अब तक फरार है। डकैती कांड में भी पुलिस के हाथ खाली है।घटना को डेढ माह होने को है लेकिन आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर है।

### सीसी कैमरों को भी खंगाला

शुभम की हत्या करने के बाद आरोपी फरार हो गए थे। जिनकी तलाश के लिए पुलिस आसपास में लगे सीसी कैमरों को भी खंगाल रही है। पुलिस ने लेकिन चार संदेहियों को पकड़ लिया है लेकिन हत्या दर्जन भर युवक शामिल होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। इस कारण पुलिस सीसी कैमरों का सहारा लेकर आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाने में लगी हुई है। शुभम हत्याकांड किस कारण हुआ इसे लेकर पुलिस के पास कोई जानकारी अभी तक नहीं है।

## हर घर तिरंगा अभियान में सांसद व विधायक शामिल

**भिलाई।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में तुंरगा रैली निकाली गई। इस दौरान सांसद विजय बघले, अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाडा मौजूद थे। निगम द्वारा स्वतंत्रता सप्ताह 9 से 15 अगस्त के मध्य विभन्नि कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान राष्ट्रीय ध्वज के साथ पैदल मार्च और बाइक रैली निकाली गई। मंगलवार 13 अगस्त को भिलाई चरौदा निगम कार्यालय से तिरंगा रैली निकाली गई। जिसका नेतृत्व सांसद विजय बघेल विधायक राजमहंत डोमनलाल कोर्सेवाडा ने किया। निगम आयुक्त डीएस राजपूत के साथ सभी अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। निगम कार्यालय से अन्नपूर्णा भवन के रास्ते बाजार वार्ड के जैन मंदिर के रास्ते से तिरंगा रैली मुख्य सडक तक पहुंची। थाना भिलाई तीन के सामने से होकर निगम कार्यालय गेट पर तिरंगा रैली का समापन किया गया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष रामखिलावन वर्मा,विधायक प्रतिनिधि दिलीप पटेल, विपिन चंद्राकर, पार्षद फिरोज फारूकी, प्रेमलता चन्द्राकर, राकेश बंछोर,चंद्रप्रकाश पांडेय, तुलसी ध्रुव, गुरूचरण सिंह, समेत सुबतो दास गुप्ता शामिल हुए। निगम के कार्यपालन अभियंता सुनील जैन, सहा. अभियंता प्रशांत शुक्ला, देवेन्द्र पाण्डेय, हेमंत साहू, मुकेश रात्रे, वक्टिर वर्मा, मुकेश चन्द्राकर, सहा. लेखाधिकारी लिंगेश्वर राव, अरूणिमा दुबे समेत महिलाओं ने रैली में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।









### 68 हितग्राहियों को पीएम आवास आवंटित

# विधायक ने लिया आवंटन का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय परिसर में मंगलवार को आवास आबंटन लॉटरी पद्वति से किया जा रहा था। इसी दौरान वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन औचक रूप से लॉटरी पद्वति से किये जा रहे आबंटन प्रक्रिया का जायजा लेने पहुंचे। हितग्राहियो द्वारा 10 प्रतिशत अंशदान राशि जमा कर चुके थे। वे हितग्राही अपने क्षेत्र के मकान के ड्रा मे शामिल हो रहे थे। एक-एक करके सबका नाम पुकारा जा रहा था, हितग्राही स्वयं आकर अपने हाथो से डब्बे में से पर्ची निकाल रहे थे। जिसके भाग्य में जो मकान की पर्ची निकलती थी, वो उसे प्रदान कर दिया जा रहा था।



### हर गरीब को मिले पक्का मकान: विधायक रिकेश

विधायक रिकेश सेन ने कहा कि प्रधानमंत्री की बहुत ही महत्वकांक्षी योजना है। हर गरीब को मकान मिले उसके सर पर पक्का छत हो। गरीबों के बारे में निकटता से सोचने के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। उन्होने कहा रहने के लिए घर, इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड, राशन के लिए राशन कार्ड, बहनो को खर्चा करने के लिए महतारी वंदन योजना, बुर्जुगो के लिए सामाजिक सुरक्षा पेशन योजना, रोजगार करने वालो के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना इत्यादि तमाम प्रकार के जनकल्याणकारी योजनाएं नागरिकों के कल्याण के लिए चलाई जा रही है।

### 68 हितग्राहियों को मिला आवास

नगर निगम भिलाई में चिन्हित स्थल पर कुल 1003 आवासो में से कृष्णा इंजीनियरिंग के पीछे खम्हरिया के 43 मकान, अविनाश मेट्रोपॉलिश के 1 मकान, एनार स्टेट खम्हरिया के 18 मकान, माईल स्टोन स्कूल के पास 4 मकान, स्वप्निल बिल्डर्स कुरूद के 1 मकान एवं आम्रपाली वनांचल सिटी हाउसिंग बोर्ड के 1 मकान का आबंटन किया गया है। जिसमें वरिष्ठजन, दिव्यांगजन व आरक्षित हितग्राही को भूतल के मकान का आबंटन किया गया है। हितग्राही अपने शेष 90 प्रतिशत राशि जमा करके शीघ्र मकान प्राप्त कर सकते है।

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

7987328736, 7489348301

ॐ

# BHARTI VISHWAVIDYALAYA, DURG

BHARTI VISHWAVIDYALAYA

Approved by - AICTE, NCTE, BCI, PCI / University Grants Commission (UGC), New Delhi

**Bharti Group has been running many courses successfully for past 27 years...**




## Law
- B.A. LLB
- LLB
- B.Com LLB
- LLM

## Animation & Visual Effects
- B.Sc.
- M.Sc.

## Engineering
M. Tech. / B.Tech.
Polytechnic
- Civil
- CSE
- ET&T
- Mechanical
- Electrical
- Artificial Intelligence & Machine Learning

## Journalism
- MAJMC
- BAJMC

## Hotel Management
- MHM
- BHM

## Pharmacy
- D. Pharma
- B. Pharma
- M. Pharma
- Ph.D.

## Library
- M.Lib
- B.Lib
- D.Lib

## Arts/ Science/ Commerce
- B.Sc. / M.Sc. - All Subjects
- MBA
- BBA
- MPH
- DCA
- PGDCA
- BCA
- DSW
- B.A./ B.Sc./ B.Com.
- B.A./ B.Sc./ B.Com. (Hons) } As per NEP 2020
- M.A./ M.Sc./ M.Com. → All Subjects Inclu. Chhattisgarhi
- BSW
- MSW
- B.Stat.
- M.Stat.
- BRS
- MRS
- Forensic Science /Food & Nutrition

## Education
- D.El.Ed.
- B.Ed.
- M.Ed.

## Film Making
- B.A.
- M.A.

## Diploma Courses
- Forensic Science
- Yoga Science
- Interior Design
- Fashion Design
- Cyber Crime
- Corporate Law
- Digital Marketing
- Nutrition & Dietetics
- Multimedia & Graphic Animation

**Ph.D. Available in all Subjects**

**BAMS** Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery | **B.Sc. (Nursing)**
Affiliated to Ayush University, Raipur

**B.Tech. Agricultural** | **B.Sc. Agriculture**
Affiliated to IGKV, Raipur

**Preference on Limited Seats for "Single Girl Child" in Admission as per University Norms.**

**Special Classes for Personality Development, Training, Placement & Entrepreneurship Development**



www.bhartiuniversity.org

# भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग

: 6232221101/ 02/ 03/ 04/ 05/ 06/ 07

: Durg (Chhattisgarh)



14 सावनगगने घोर घन घटा पर...

## लाइव इवेंट

## कॉलेज मेस में भोजन की क्वालिटी खराब,. नई पुस्तकें नहीं, शिकायत



**भिलाई।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रतिनिधि मंडल ने कल्याण कॉलेज में व्याप्त समस्याओं को लेकर प्राचार्य से मुलाकात की। उन्हें ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के निराकरण की मांग की। सदस्यों ने कहा कि हॉस्टल मेस की गुणवत्ता पहले से खराब है। क्वालिटी में भारी गिरावट आई है, जिससे विद्यार्थियों का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। कंप्यूटर विभाग में मात्र 5 कंप्यूटर चालू हैं, बाकी सब अपरिहार्य कारणों से बंद पड़े हुए हैं। पुस्तकालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के नई पुस्तकें नहीं है। वॉटर कूलर की सफाई नहीं हो रही है। इससे डायरिया का खतरा बढ़ गया है। सदस्यों ने सुरक्षा लिहाज से कैमरे लगाए जाने की भी मांग की। उन्होंने महापुरुषों की प्रतिमाओं को नियमित सफाई और रंग रोगन कराए जाने की भी अपील की। इस अवसर पर नागेश्वर यादव, अभिषेक साहू, अनुराग, भोजराज, अक्षय मिश्रा, आदर्श, रितेश नायर, सागर सिंह, पीयूष पांडे सहित अन्य मौजूद थे।

- अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषत के कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

## सिटी इवेंट

## अंडर-16 क्रिकेट टीम का चयन 18 को कल्याण कॉलेज में

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) द्वारा आगामी दिनों में अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। इसे लेकर भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) की टीम भी भाग लेगीी। आयोजित होने वाली अंडर -16 अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए बीसीए की टीम का चयन किया जाना है। इसके लिए ट्रायल 18 अगस्त को कल्याण कॉलेज में आयोजित है। खिलाड़ियों से सुबह 8 बजे कल्याण महाविद्यालय ग्राउंड में पहुंचने कहा गया है। स्पर्धा में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ियों का ट्रायल सुबह 9 बजे शुरू होगा। इस चयन स्पर्धा के चयनकर्ता सुनील त्रिवेदी, विक्रम दुबे एवं जावेद अख्तर होंगे। यह जानकारी भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव भास्कर गोस्वामी ने दी। उन्होंने बताया कि चयनस्पर्धा के कोऑर्डिनेटर प्रशांत कुमार भारद्वाज होंगे। आने वाले खिलाड़ियों का पहले पंजीयन किया जाएगा। इसके बाद अन्य प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

## सिटी इवेंट

## ग्रंथालय ज्ञान का अथाह सागर, सभी को इसमें डुबकी लगानी चाहिए



**भिलाई।** शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी के केन्द्रीय ग्रंथालय में रंगनाथन जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. अर्चना झा एवं अकादमिक डीन डॉ. जे दुर्गा प्रसाद राव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ रंगनाथन के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद अतिथियों का पौधा भेंटकर स्वागत किया गया। प्राचार्य डॉ. झा ने शिक्षा के क्षेत्र में लाइब्रेरी के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. दुर्गा प्रसाद ने कहा कि ग्रंथालय ज्ञान का अथाह सागर है। सभी को इस ज्ञान को अपने में आत्मसात करना चाहिए। ग्रंथालय प्रभारी डॉ. मालती साहू ने डॉ. एसआर रंगनाथन के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने पुस्तकालय वर्गीकरण और उसके नियम के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर ग्रंथालय विभाग द्वारा छात्रों के लिए कहानी पठन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गौरव चौहान, सचिन धगद, प्रवीण वर्मा, मंटू चक्रवर्ती सहित अन्य मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन डेविड राजू ने किया।

- शंकराचार्य कॉलेज जुनवानी के ग्रंथालय में रंगनाथन जयंती मनाई गई

### सनातन हिन्दू समाज की आक्रोश रैली आज, शहीद चौक से होगी शुरुआत

**दुर्ग।** सनातन हिंदू समाज के बैनर तले समस्त हिन्दू संगठनों एवं समाज प्रमुखों की महत्वपूर्ण बैठक सरस्वती शिशु मंदिर कसारीडीह में हुई। बैठक में तय किया गया कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में 14 अगस्त को शहीद चौक से आक्रोश रैली निकाली जाएगी। आक्रोश रैली दोपहर 3 बजे शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुराना बस स्टैंड में समाप्त होगी, जहां एक जनसभा होगी। सनातन धर्म रक्षावाहिनी भारत प्रमुख देवेश मिश्रा ने बताया कि यह बैठक बांग्लादेश में निर्दोष हिन्दुओं की हत्या, बलात्कार, अत्याचार के विरोध स्वरुप रखी गई। इसमें आक्रोश रैली निकालना तय किया गया।

- छोटे बच्चों के लिए अब भी कार्टून कैरेक्टर ही ट्रेंड में, बाजार में भाई के लिए राखी खरीदने पहुंच रही बहनें

# रेशम के धागों और रुद्राक्ष के साथ कस्टमाइज फोटो व नाम वाली राखी की बढ़ी डिमांड, बहनों को लुभा रही सोने और चांदी की डिजाइनिंग

**भिलाई।** भाई-बहन के स्नेह का पर्व रक्षाबंधन इस बार सावन के अंतिम सोमवार 19 अगस्त को मनाया जाएगा। बाजारों में राखी की दुकानें महिने भर पहले सजने के साथ ही ज्वेलरी दुकान पर भी सोने व चांदी की राखियां तैयार की जा रही हैं। खरीदार अपनी पसंद को ध्यान में रखते हुए कस्टमाइज राखियां तैयार करा रहे। सोने व चांदी के कीमतों में गिरावट आई है, जिसके चलते चांदी व सोने की राखियों की अधिक डिमांड देखने को मिल रही है। राखियों में भाई के साथ भाभी को भी लुंबा बांधने का रिवाज है। ज्वेलरी दुकानों पर लड़कों के साथ लड़कियों के लिए भी राखी व ब्रेसलेट की खरीदी की जा रही है। वहीं कुछ खरीदार मनपसंद डिजाइन के साथ कस्टमाइज राखियां तैयार कर रहे। सकुर्लर मार्केट पावर हाउस स्थित राखी दुकान के प्रबंधक विष्णु गोयल ने बताया, इस वर्ष रुद्राक्ष वाली राखियां खरीदारों की पहली पसंद हैं। जिसे डोरी व ब्रेसलेट के साथ तैयार किया गया है। साथ ही चांदी ब्रेसलेट में रुद्राक्ष वाली, राधा-कृष्ण, श्रीगणेश व मोर पंख की डिजाइन की राखी दुकान में उपलब्ध है। साथ ही रोली, अक्षत, श्रीफल, गंगाजल, मिष्ठान भी रखा गया है।



### राखी में भाइयों की फोटो व नाम प्रिंट करवा रही बहनें

कस्टमाइज शॉप लक्ष्मी स्टूडियों नंदिनी रोड पावर हाउस के संचालक अजय पांडे बताते है कि पिछले दो तीन सालों से लोग कस्टमाइज राखी व गिफ्ट की ज्यादा डिमांड करने लगे है। जिसे देखते हुए इस बार महिने भर पहले से ही फोटो व नाम वाली कस्टमाइज राखियों की बुकिंग कर दी गई थी और अब तक पोस्ट करने वाली राखियां लोग ले जा चुके है।




इस बार कस्टमाइज राखियों में मोती, रुद्राक्ष व रेशम की डोरी के साथ गोल, चौकोन आदि शेप में भाई-बहन व सिंगल भाई की फोटो वाली राखियां साथ ही रुद्राक्ष के साथ भाई के नाम वाली राखियां भी ऑन डिमांडिग है।

### बच्चों के लिए भी खास कार्टून कैरेक्टक्ट वाली राखियां

बीते कुछ सालों से बच्चों के मनपसंद कार्टून कैरेक्टर जैसे शिनचिन, मिकी मॉउस, टॉम एंड जेरी, मारियो, शिव, रोल नंबर-21, पोपी द सेलर, निंजा हटोरी, स्कूबी डू, पोकेमॉन, मोटू- पतलू, ओगी संबंधित डिजाइनर राखियां लाई जाती हैं। छोटे बच्चों के लिए अभी भी कार्टून कैरेक्टर वाली राखियां ही पसंद की जा रही हैं।

### कौड़ी से बने लुंबा को की-चैन की तरह किया डिजाइन

इंदिरा चौक रामनगर बीएलवीके की संचालिका अनिका गुप्ता ने बताया कि बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष खरीदार हैंडमेड राखियों की खरीदी अधिक संख्या में लोग कर रहे हैं। इसमें लुंबा और राखी जोड़ी में तैयार की जाती है। इस वर्ष भाभीयों के हाथों में आकर्षण के लिए बैंगल में लगे कौड़ीनुमा लुंबा व प्रिंटेड लुंबा की-चेन ट्रेंड में है। दुकान में मौजूद प्रत्येक वस्तुओं की कीमत पचास व सौ रुपए से शुरु होकर आकार के अनुसार तय है। लेकिन कौड़ी बाली लूंबा सौ से दो सौ तक की रेंज में है। जो बाद मे भी लेडिसे आराम से कैरी कर सकती है।

### इको फ्रेंडली राखियां भी



पर्यावरण प्रेमियों द्वारा रक्षाबंधन को भी प्रकृति से जोड़ने की तैयारी की जा ही है। कई राखियों में बीज भी डाले जा रहे है, ताकि जब इन्हें फेंका जाए तो पौधे निकल आए। इसे तरह से डिजाइन किया गया है कि ये देखने में यूनिक लग रहे हैं। ये भी हैंडमेड ही हैं। इसमें ऐसे फलों और फूलों के बीज डाले गए हैं। जो आसानी से उग जाते हैं।



### सोने व चांदी की राखियों के हुए आर्डर

सहेली ज्वेलर्स दुर्ग लोकेश जैन ने बताया कि सोने वाली राखी डिजाइन अनुसार लोग कस्टमाइज करा रहे है। जो 2100 से लेकर पांच हजार तक है, वहीं चांदी वाली राखी की कीमत पांच सौ से हजार रुपए से शुरु है। दुकानों में कस्टमाइज राखी, डोरी वाली सिंपल चेन या रुद्राक्ष के साथ राखी के आर्डर दे रहे है।

### बहनों को पसंद आ रही भगवान राम, शिव, कृष्ण की राखी



बाजार में विभिन्न वैरायटी की राखियां बेची जा रही हैं। जिनमें विशेष डिजाइन और स्टाइल की राखियां भी शामिल हैं। युवाओं को शिवलिंग, खाटू श्याम, राधा कृष्ण के साथ राधे-राधे, श्रीराम लिखी राखी खूब पसंद आ रही है। इसके अलावा चंदन, तुलसी, मोती, ब्रेसलेट, ज्वैलरी, कोलकाता कढ़ाई, नजर बट्टू राखियों की मांग भी खूब है। यह राखियां बीस रूपए से लेकर दो हजार तक की है। महंगी राखियों में चांदी, मोती व अन्य तहर हेंड वर्क किया हुआ है। यह राखियां भी लोगों को पसंद आ रही है।

### कीमत में भी वैरायटी

राखियों की वैरायटी साथ इनकी कीमत में भी विविधता है। नार्मल राखी की शुरुआत पांच रुपएं से होकर, ब्रेसलेट वाली राखियां और चंदन, तुलसी वाली राखियां 50 से 100 रुपए तक की कई विभिन्न मूल्य में उपलब्ध है। दुकानदार विष्णु गोयल बताते हैं कि वर्तमान में नार्मल राखी की मांग बहुत कम हो रही है, बजाय इसके, लोग कुछ अनूठा और विशेष चाहते हैं, जिसके लिए इस बार एडी, कुंदन, मेटल, जरी, स्टोन बाली राखियां काफी बिक रही है जिसकी कीमत 40 से 50 रु से शुरु है।



# मैने प्यार किया फिल्म की सुमन आज भिलाई में, तिरंगा रैली में होंगी शामिल

**भिलाई।** मैने प्यार किया फिल्म हर किसी को याद होगा। इस फिल्म में सुमन के किरदार ने युवा दिलों की धड़कनों को खासा गुदगुदाया था। फिल्म अभिनेत्री भाग्यश्री ने सुमन का यह किरदार किया था। 14 अगस्त को उनका भिलाई आगमन हो रहा है। वे वैशालीनगर में निकाली जाने वाली तिरंगा रैली में शामिल होंगी। रैली सुबह साढ़े 10 वैशालीनगर से प्रारंभ होगी, जो कैम्प क्षेत्र, राम नगर, हाउसिंग बोर्ड, नेहरू नगर, शांति नगर, जुनवानी, पावर हाउस में समाप्त होगी। विधायक रिकेश सेन ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत 14 अगस्त को यह तिरंगा रैली निकाली जा रही है। इसमें मशहूर अभिनेत्री भाग्यश्री शामिल होंगी। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरा देश आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 9 से 15 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह मना रहा है, जिसमें हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज अपने घर में फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ राज्य में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं के माध्यम से पूरे छत्तीसगढ़ में स्वतंत्रता सप्ताह के दौरान राज्य से लेकर जिला स्तर पर तिरंगा यात्राएं, तिरंगा रैलियां, तिरंगा दौड़ और मैराथन जैसे अनेक देश-भक्ति से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में भी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। बाइक रैली निकाली जाएगी। इस अवसर पर भाजपा नेता शंकरलाल देवांगन, प्रवीण पाण्डेय, अरविंद जैन, पुरूषोत्तम देवांगन सहित अन्य मौजूद रहेंगे। तिरंगा रैली का सुबह साढ़े 10 बजे वैशाली नगर से आगाज होगा।

- तिरंगा रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बैकुंठधाम में होगी समाप्त




# एक पेड़ मां के नाम अभियान सेक्टर-4 स्कूल में रोपे गए पौधे



**भिलाई।** बीजेपी पूर्व मंडल के बैनरतले सेक्टर 4 शासकीय स्कूल में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधे लगाए गए। इस अवसर पर बीजेपी के जिला अध्यक्ष महेश वर्मा, भट्ठी थाने के प्रभारी प्रशांत मिश्रा, विनोद सिंह सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे। वर्मा ने कहा कि पार्टी के निर्देशानुसार यह आयोजन किया जा रहा है। किसी व्यक्ति के जीवन की सबसे अमूल्य धरोहर मां होती है। पार्टी मां के सम्मान में यह कार्यक्रम आयोजित कर रही है। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री मंडल गजेंद्र प्रताप सिंह ने किया। आभार प्रदर्शन मंडल के उपाध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर गजानन बन्छोर, महेंद्र शर्मा, मंजूषा साहू, श्रीनिवास राव, रिंकू साहू, शिबू, पार्षद ईश्वरी नेताम, सूर्यकांत पांडे, प्रहलाद सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

जिला प्रशासन द्वारा मंगलवार को आयोजक को लेकर रिहर्सल किया गया

# आजादी का जश्न शुरू, आज स्वतंत्रता दौड़, कल हमारे आजादी के दीवानों के बलिदान का मंचन

कार्नर न्यूज



**दुर्ग।** देश की आजादी के महापर्व स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी शुरू हो गई है। 14 अगस्त की सुबह सबसे पहले आपसी भाईचारा का संदेश देने स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया जाएगा। स्वतंत्रता दौड़ सुबह ठीक 8 बजे रविशंकर स्टेडियम परिसर से शुरू होकर आदर्श नगर स्कूल, गांधी पुतला, पटेल चौक, इंदिरा मार्केट, फरिश्ता काम्प्लेक्स, पचरीपारा, नया बस स्टैंड, मेनोनाइट चर्च होते हुए वापस रविशंकर स्टेडियम में समाप्त होगी। इसके अगले दिन यानी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन पुलिस ग्राउंड में किया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर मंगलवाल को जिला प्रशासन की टीम ने ट्रायल किया। बता दें कि इस बार के आयोजन में मंत्री केदार कश्यप ध्वजारोहण करेंगे। संभवतः कश्यप पहली बार दुर्ग के स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण के लिए पहुंच रहे हैं। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे।



### समारोह के ट्रायल में मुख्य अतिथि रहे भिलाई आयुक्त

मंगलवार को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर ट्रायल लिया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि की भूमिका में भिलाई निगम के आयुक्त देवेश ध्रुव नजर आए। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह स्थल पुलिस ग्राउंड में सुबह 9 बजे ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण कर उपस्थितजनों का अभिवादन किया। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी और पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला भी मौजूद थे। ध्वजारोहण के बाद परेड की टुकड़ियों द्वारा जन-गण-मन की धुन पर हर्ष फायर और राष्ट्रपति के जय जयकार किया। प्लाटून कमांडरों के नेतृत्व में परेड की टुकड़ियां मंच के सामने से गुजरते हुए मुख्य अतिथि को सलामी दी।

### रिहर्सल के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति

रिहर्सल के दौरान स्कूलों के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस दौरान आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा पुलिस परेड ग्राउण्ड से पटेल चौक पर समाप्त हुई। इस अवसर पर एडीएम अरविंद एक्का, जिला पंचायत सीईओ अश्वनी देवांगन, संयुक्त कलेक्टर मुकेश रावटे, एसडीएम हरवंश सिंह मिरी सहित अन्य मौजूद थे। 15 अगस्त को तय कार्यक्रमों के हिसाब से ही रिहर्सल किया गया। इस दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर 14 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में एक दिन पूर्व स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया जाएगा। स्वतंत्रता दौड़ सुबह 8 बजे रविशंकर स्टेडियम दुर्ग के मुख्य गेट से आरम्भ होकर आदर्श कन्या शाला, गांधी चौक, पटेल चौक, पुराना दुर्ग थाना, इंदिरा मार्केट, फरिश्ता कॉम्पलेक्स चौक, पचरीपारा नया बस स्टैंड रोड़ से बस स्टैंड होकर चर्च रोड़ से होते हुए पुनः मुख्य गेट रविशंकर स्टेडियम पहुँचकर समाप्त होगी। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक से मिली जानकारी के अनुसार स्वतंत्रता दौड़ में स्कूल, कॉलेज के छात्र-छात्राएं, अध्यापक, खिलाड़ी, गणमान्य नागरिक, समस्त शासकीय एवं अशासकीय अधिकारी-कर्मचारी प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे।



## सिटी इवेंट

# आरक्षण नीति को लेकर 21 को भारत बंद, बैठक में निर्णय



**दुर्ग।** अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदाय के उपस्तिथि में बुद्ध विहार शंकर नगर में बैठक हुई। बैठक में 21 अगस्त को भारत बंद के समर्थन का निर्णय लिया गया। बैठक में एसटी, एससी के कई सामाजिक, धार्मिक संगठनों के पदाधिकारीगण एवं आम जनता उपस्तिथ थे। सभी पदाधिकारी से एक राय होकर सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला, कोटे मे कोटा तथा अनुसूचित जाति, जनजाति मे विभाजन के खिलाफ एवं संविधान बचाने 21 अगस्त को शांतिपूर्ण भारत बंद आंदोलन का समर्थन करेंगे। आंदोलन में अपनी उपस्थिति देंगे। साथ ही हर मोहल्ले में जाकर सभी लोगों को आंदोलन के लिए तैयार करेंगे। बैठक में अरविंद चौधरी, विजय कुमार बोरकर, सिद्धार्थ बोरकर, शैलेंद्र भिमटे, ज्ञानू बागडे, मोहित वालदे, नंदकिशोर मराठे, अशोक मडामे, दिनेश भौतिक, अजीत वैद्य, अजय शेंडे, काशी मेश्राम, छत्रपति वासनिक, अशोक मेश्राम, जितेंद्र टेभेकर, अनिल कुमार, रामराव ढोंक, बुधराम मेश्राम, डी. रामटेके, ओपी. गजभिए, दिलीप रामटेके, केडी लक्ष्मण नेताम, के राहुल, नारद गोंडाने, कौशिक पंचनाई मौजूद थे।

■ एसटीएससी से जुड़े समाजों की बैठक हुई

## धर्म लाइव

# मनोकामनेश्वरी शिव मंदिर में हुआ अभिषेक, उमड़ा भक्तों का



**भिलाई।** ओम धर्म सेवा एवं जन कल्याण समिति के संयोजक में कांवड़ यात्रा निकाली गई। कांवड़ा यात्रा पावर हाउस से शुरू होकर शिवनाथ नदी तट पहुंची, जहां से 356 कांवड़ियों ने जल लेकर गाजे-बाजे के बीच मनोकामनेश्वर शिव मंदिर पावर हाउस पहुंचकर जलाभिषेक किया। समिति द्वारा द्वारा आयोजन का यह 23 वां वर्ष रहा। भक्तों ने इस दौरान हाथ में तिरंगा भी ले रखा था। बोल बम के नारे के साथ पैदल यात्रा निकाली गई। कावड़ियों के टोली का दुर्ग गंजपारा चौक पर दुर्ग के पूर्व विधायक अरुण बोरा, लेखराम साहू एवं छत्तीसगढ़ बंगाली मित्र समाज के शिशिर मजूमदार के नेतृत्व में समाज के सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया। लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित शिवनाथ नदी से जल लेकर श्रद्धालुओं का जत्था निकला, इससे पहले सुबह हजारों की संख्या में भिलाई के विभिन्न ने वार्ड के अलावा जामुल से लोग कावड़ यात्रा में शामिल हुए। आयोजक सुमन शील ने बताया कि नदी में विधिवत मां गंगा की पूजा अर्चना के साथ आरती की गई। 108 दीप प्रज्वलित किए गए। इसके बाद कावड़ यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान बोल बम के नारों आपने भारत माता की जय के साथ पूरे रास्ते में कांवरियों की टोली को शिव भक्ति के गीतों पर झूमते नाचते हुए देखे गए। इस अवसर पर सुमित्रा मांझी, मीरा गुप्ता, मोहन रेड्डी, उज्जवल सेन, सरोज सेन, राजू गुप्ता, धर्मेंद्र देवांगन, मनीष माझी, कुलेश्वर सेन सहित अन्य मौजूद थे।

■ ओम धर्म एवं जनकल्याण समिति ने निकाली कांवड़ यात्रा, शिवनाथ नदी से लाया जल

### केपेश्वर बैजनाथधाम मंदिर में रूद्राभिषेक



**भिलाई।** सावन के चौथे सोमवार को केपेश्वर बैजनाथधाम मंदिर संतोषी पारा वार्ड 33 में महा रुद्राभिषेक किया गया। विधि विधान से सारे अनुष्ठान पं. शिव उपाध्याय, अनुराग उपाध्याय द्वारा कराया गया। इस अवसर पर शिव चर्चा और भंडार कराया गया, जिसमें मुख्य रूप से जोन अध्यक्ष जालंधर सिंह, पार्षद शैलजा राजू, गिरजा बंछोर, पूर्व पार्षद रिंकी सिंग, महिला कैम्प मंडल उपाध्यक्ष ममता भारद्वाज, बोलबम गुप्ता, मंजीत वर्मा, एन रामाराव, एन संतोषी, आयुष, तनिश, सुरेश शर्मा, शिमला देवांगन, मेघा कोसरे सहित ् अनय मौजूद थे। केपेश्वर बैजनाथ धाम मंदिर के अध्यक्ष एनदान राजू ने बताया रुद्र अभिषेक के जरिए खुशहाली की कामना की गई।

### हर घर तिरंगा अभियान के पोस्टर का विमोचन




**भिलाई।** सांसद विजय बघेल ने सेक्टर-5 स्थित अपने आवास में हर घर तिरंगा अभियान के पोस्टर का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान एक जन आंदोलन बन गया है। इस वर्ष के 77 वें स्वतंत्रता दिवस के पूर्व अभियान की शुरुआत किया गया। सैल्यूट तिरंगा संगठन के पदाधिकारियों की मौजूद में पोस्टर का विमोचन किया गया। भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ संयोजक एवं भाजपा समर्थक मंच के अध्यक्ष मनोज ठाकरे ने सांसद को पोस्टर से जुड़ी जानकारी दी। इस अवसर पर मनोज ठाकरे, अरुण सावरकर, प्रशांत क्षीरसागर, बालूराम वर्मा किशोर कन्नौजे मौजूद थे।

● गुरूदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की पुण्यतिथि पर गीत-वितान कला केंद्र का आयोजन

# सावनगगने घोर घन घटा पर किया रविंद्रनाट्यम, वर्षा मंगल में छाया रविन्द्र संगीत का जादू, तालियां भी बटोरीं

**भिलाई।** गुरूदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के पुण्य तिथि के अवसर गीतवितान कला केंद्र एवं भिलाई इस्पात संयंत्र के संयुक्त तत्वावधान में "वर्षा मंगल" कार्यक्रम का आयोजन आफिसर्स एसोसिएशन प्रगति भवन भिलाई सिविक सेन्टर में में किया गया। इस दौरान दुर्ग-भिलाई के उभरते हुए कलाकारों ने बंगाली भाषा में गीतों की बेहतरीन प्रस्तुति दी। किसी ने तबला तो किसी ने की बोर्ड में सुरों को संभाला। युवकों ने समारोह में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस संगीतमय समारोह ने रविंद्रनाथ के गीतों पर नृत्य व संगीत की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बीएसपी ई डी प्रोजेक्ट सुब्रोतो मुखोपाध्याय, विशेष अतिथि शंकराचार्य विद्यालय के प्राचार्य विपिन देशमुख, आफिसर्स एसोशियेशन बीएसपी अध्यक्ष एनके बंछोर, सचिव परविन्दर सिंग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत गुरूदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर के छायाचित्र पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन एवं वृक्ष वंदना (प्रकृति की पूजा) कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। जिसके बाद संस्था के उपाध्यक्ष सोमेन कुण्डू द्वारा स्वागत भाषण एवं नृत्य शिक्षक मिथुन दास द्वारा शांति निकेतन के परम्परा अनुसार शांति प्रार्थना व वेद मंत्र का पाठ किया गया।



### नए कलाकारों को मिलता है प्लेटफार्म

समारोह में अतिथियों द्वारा कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं में सांस्कृतिक कलाओं की छवि बनती है और वे अपनी संस्कृति से रूबरू हो पाते हैं। ऐसे कार्यक्रम निरंतर रूप से होने चाहिए जिससे नए कलाकारों को प्लेटफार्म प्रदान हो सकें। विश्व शांति संदेश (सांगितक संदेश 2024) के मुख्य संयोजक नरेन्द्र कुमार बंछोर एवं कार्यक्रम प्रबंध निर्देशक सरसीज घोष द्वारा कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी गई। आयोजन में संस्कार भारती संस्था छत्तीसगढ़ द्वारा गीत वितान कला केन्द्र की संस्थापिका शिप्रा भौमिक को कला विधा रवींद्रसंगीत के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

### शांति निकेतन से शुरु हुआ वर्षा मंगल उत्सव

गीत वितान के मिथुन दास ने बताया कि संस्था द्वारा बारिश के मौसम आने की खुशी को बिखेरने व सभी को प्रकृति से जोड़ने के उद्देश्य से गुरु रवीद्रनाथ टैगोर के शांति निकेतन में मनाएं जाने वाले वर्षा मंगल उत्सव का आयोजन भिलाई के गीत वितान के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिवर्ष किया जाता है। रबींद्रनाथ टैगोर की वर्षा मंगल की परंपरा को जीवंत रखने के लिए रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गुरुदेव ने साल 1928 में इस कार्यक्रम के माध्यम से ऋषि पराशर के कृषि शास्त्र को 'वर्षा मंगल' कार्यक्रम में पिरोया था। रबींद्रनाथ टैगोर ने वर्षा ऋतु के स्वागत के लिए शांति निकेतन में 'वर्षा मंगल' उत्सव की शुरूआत की थी।



### छात्र-छात्राओं ने दी नाटक की प्रस्तुति

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत रवींद्रसंगीत आगुनेर परोशमणी छुआओ प्रा,,,,, गीत द्वारा की गई। जिसमें लगभग एक सौ गायक-गायिकाओं ने अपना भावांजलि अर्पित किया। इसके बाद वर्षाऋतु उत्सव पर आधारित वर्षा मंगल गीत पर नृत्य आलेख जिसमें " एशो श्यामल शुन्दरो" ब्रज मानिक दिये गाथा, सावनगगने घोर घन घटा, मोर भाबोनारे की हावाये मातालो पर रवींद्रसंगीत एवं नृत्य रवीन्द्रनाट्यम गीत वितान कला केन्द्र के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। वाद्ययंत्रो पर कलासाधकों ने की संगत, सांस्कृतिक कार्यक्रम में भिलाई के छन्नोछाड़ा, उड़नचोन्डी, उच्छास सांगितक समूह द्वारा प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में स्वस्वर कविता एवं आलेख का पाठ जॉली सेन एवं जॉली चक्रवर्ती द्वारा किया गया। तबले पर संगत जेना, गिटार पर प्रशांत पांडा, सूर्यकांत बागची, स्वपनिल चंद्राकर, हारमोनियम पर कृष्णा मोइत्रा, चन्द्रा बैनर्जी एवं की बोर्ड पर हर्ष सोनटेक ने किया। कार्यक्रम का संचालन माया बैनर्जी एवं धन्यवाद ज्ञापन संस्था अध्यक्ष रजनी सिन्हा दवरा दिया गया।

## आज अंतिम दिन

# कार्यशाला: नेट-सेट में पूछे जाने वाले रिजनिंग प्रश्नों को हर करने दिए टिप्स



**भिलाई।** मनसा शिक्षा महाविद्यालय में तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। आयोजन नेट-सेट में पूछे जाने वाले प्रश्नों और उन्हें सरल तरीके से हर करने के टिप्स दिए जा रहे हैं। 14 अगस्त को कार्यशाला का अंतिम दिन है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कॉलेज के संचालक संजीव सक्सेना, डॉ.अनिल करवंदे, संगीता खरे एवं प्राचार्य स्मिता सक्सेना प्रमुख रूप से मौजूद थे। अतिथियों का पुष्प पौध देकर स्वागत किया गया। तीन दिवसीय कार्यशाला का विषय नेट/सेट की पूरी तैयारी पर है। इसमें डॉ. करवंदे ने रिजनिंग से संबंधित बारीकियों से अवगत कराया। प्रश्नों को सरलता से हल करना बताया। संगीता खरे ने प्रथम प्रश्न पत्र में सभी इकाइयों की जानकारी देते हुए टीचिंग एप्टीट्यूड, रिसर्च एवं मूल्यांकन के प्रश्नों को बताते हुए सभी गतिविधियों में शामिल करते हुए सुंदर प्रस्तुति प्रदान की। मुख्य अतिथि संजीव सक्सेना ने कहा कि वर्तमान समय में विद्यार्थी अगर किसी प्रतियोगी परीक्षा में भाग लेते हैं तो उन्हें बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए नेट/सेट की पूर्व तैयारी के रूप में कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थी एवं स्टाफ को लाभ मिले, इस उद्देश्य से इसका आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नमिता गौराहा ने किया गया। इस अवसर पर बीएड, बीपीएड एवं एमएड के प्रशिक्षाणाथी एवं प्राध्यापकगण के अलावा प्राध्यापक मौजूद थे।

■ मनसा कॉलेज में तीन दिवसीय आयोजन किया जा रहा

### अखंड भारत के संकल्प को लेकर मशाल रैली आज

**भिलाई।** अखंड भारत के संकल्प को लेकर 14 अगस्त को विशाल मशाल रैली का आयोजन किया जाएगा। हिन्दू युवा मंच के तत्वावधान में रैली शाम 6 बजे रिसाली से निकाली जाएगी। अध्यक्ष कृष्णा चौहान ने बताया कि अखंड भारत संकल्प दिवस के अवसर पर हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी मशाल रैली निकालकर मनाया जाएगा। इसमें समस्त हिन्दू समाज के लोग शामिल रहेंगे। रिसाली के कृष्णा टाकीज रोड पानी टंकी से रैली प्रारंभ होगी। यह जोहार चौक रिसाली तक जाएगी। रैली में दुर्ग-भिलाई के युवा प्रमुख रूप से शामिल होंगे।

## अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजन

# नशा मुक्त भारत करने युवाओं के योगदान पर हुई निबंध स्पर्धा



**भिलाई।** भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. स्नेह कुमार मेश्राम ने युवा समाज की रीढ़ विषय पर विशेष व्याख्यान दिया। उन्होंने सशक्त समाज के निर्माण के लिए युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार पूर्वक विश्लेषण प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विकसित भारत हेतु युवाओं की भूमिका विषय पर भाषण प्रतियोगिता तथा नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशा मुक्त भारत के लिए युवाओं का योगदान; चुनौतियां एवं संभावनाएं विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कोनाल सेन, बीएससी बायोटेक तृतीय सेमेस्टर तथा द्वितीय पवन राजपुरोहित बी. ए. एलएलबी तृतीय सेमेस्टर रहे।निबंध प्रतियोगिता में प्रथम बर्षा प्रियदर्शनी बीएससी बायोटेक तृतीय सेमेस्टर, द्वितीय स्थान पर कविता बीएससी कंप्यूटर साइंस प्रथम सेमेस्टर रही। इसके साथ ही विश्वविद्यालय में विश्व हाथी दिवस का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत समस्त शिक्षकों तथा विद्यार्थियों ने हाथियों के संरक्षण के लिए प्रतिज्ञा ली। साथ ही सभी विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने नशा मुक्त भारत के लिए हरसंभव प्रयत्न करने की भी सामूहिक प्रतिज्ञा ली। आयोजन में प्राध्यापकगण डॉ. काजोल दत्ता, डॉ. निमिष मिश्रा, प्रियंका साहू, आस्था चतुर्वेदी, अखिलेश सेन, डॉ. अजय सिंह के अतिरिक्त बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के सदस्य डॉ. रोहित कुमार वर्मा और जयंत बारीक का विशेष सहयोग रहा।

**हाथियों के संरक्षण की ली प्रतिज्ञा**

## चेंबर ऑफ कामर्स द्वारा आभार और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया

# आभार दिल से...उद्योगपति जितेंद्र सम्मानित, कहा- चेंबर व्यापारिक हितों के लिए काम करने वाली संस्था

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** छग चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज भिलाई इकाई आभार दिल से और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान उद्योगपति जितेंद्र प्रसाद गुप्ता को मेरीलैंड स्टेट यूनिवर्सिटी (यूएसए) द्वारा डॉक्ट्रेट की उपाधि दिए जाने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चेंबर ऑफ कामर्स के महामंत्री अजय भसीन ने मौके पर मौजूद सभी व्यापारियों का दिल से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि चेंबर ऑफ कामर्स जैसी संस्था हमेशा व्यापारियों के हितों के लिए काम करती है। उन्होंने कहा कि एक एक व्यापारी के लिए और व्यापार के हित के लिए अपना शत प्रतिशत समर्पण दिया है। इसलिए वे एक व्यापारी की मनः स्थित से भलिभांति परिचित है। उन्होंने आने वाले समय में भी व्यापारियों के हितों को लेकर कार्य करने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर राहुल बत्रा अध्यक्ष सीए एसोसिएशन, पुनीत पारवानी, नीलाद्रि शाह, नवीन, दिनेश कुकरेजा, पवन अग्रवाल, मनोहर कृष्णानी, मोहन राव, एयूबैंक को चेम्बर में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।



### उत्पाद की गुणवत्ता को परखने के बाद लिया निर्णय

मेरीलैंड स्टेट यूनिवर्सिटी (यूएसए) द्वारा उत्पाद की गुणवत्ता को पहले परखा गया। हर औद्योगिक पैमाने पर उसकी जांच कराई गई। जब यह स्पष्ट हो गया कि यह उत्पाद हर मायने में उत्तम है। इसे निर्मित करने वाले जितेंद प्रसाद गुप्ता को डॉक्टरेट की उपाधि देने का निर्णय लिया। उद्योग जगत के सभी एसोसिएशन द्वारा डॉ. जेपी गुप्ता की उपलब्धि पर सम्मानित किया गया। डॉ. गुप्ता का स्वागत रतन दास गुप्ता अध्यक्ष बीएसपी एंसिलरी इंडस्ट्री एसोसिएशन, अतुल चंद साहू अध्यक्ष भिलाई वायर ड्रम एसोसिएशन, करमजीत बेदी कार्यकारी अध्यक्ष चेंबर एवं लघु उद्योग भारती, नर्सिंग कुकरेजा, नीलाद्रि शाह ने किया।

### उद्योग में उत्कृष्ट योगदान देने वाले जितेंद्र गुप्ता ने भिलाई का मान बढ़ाया

इस अवसर पर व्यापारियों ने सामूहिक रूप से कहा कि भिलाई के उद्योगपति जितेंद प्रसाद गुप्ता को विशेष उपलब्धि पर डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया है। यह पूरे भिलाई और चेंबर ऑफ कामर्स के लिए गौरव की बात है। जितेंद प्रसाद गुप्ता ने भिलाई का नाम विश्व पटल पर अंकित कराया। यह एक अविस्मरणीय पल है। यह कोई छोटी बात नहीं है। इसके लिए हम सभी को उनके प्रेरणा लेने की जरुरत है। आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत एक विशेष उत्पाद निर्माण जिसने भारत सरकार के निवेश में कमी आई। विशेष बात यह थी कि वह कोरोनाकाल का समय था। उस समय जब विश्व महामारी से देश जूझ रहा था। ऐसा उत्पाद निर्माण किया गया, जिसकी उत्पाद लागत अन्य देशों से कम थी। हमें आयात करने की जरूरत भी नहीं पड़ी।

### चेंबर की गतिविधियों से अवगत कराया

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में चेंबर पदाधिकारियों ने पिछले तीन सालों में कराए गए कामों की जानकारी दी। उन्होंने भविष्य की प्लानिंग और अन्य गतिविधियों से जुड़ी जानकारी भी दी। इस अवसर पर सुशील अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, सुनील मिश्रा, नरेश वासवानी, पवन जिंदल, चिन्ना राव, भोलानाथ सेठ, राम ओबेरॉय सहित अन्य मौजूद थे। चेंबर ऑफ कामर्स पदाधिकारियों ने बताया कि आभार दिल के अंतर्गत लगातार व्यापारियों के बीच पहुंचकर उनकी परेशानियों को समझने का प्रयास किया गया है। इसके अलावा तीन वर्षों में कराए गए कार्यों की भी जानकारी दी गई है।

# छग के पारंपरिक खेलों को सहेज कर रखना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारीः ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

## पाउवारा में इतवारी चिला तिहार जनपद ट्रॉफी 2024 कार्यक्रम




दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पाउवारा इतवारी चिला तिहार जनपद ट्रॉफी 2024 कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल होकर सभी ग्रामवासियों को सफल आयोजन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित किया।

इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि जिला मंत्री रोहित साहू, उतई मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा, महामंत्री सोनू राजपूत, सरपंच वामन साहू, भीषम सिंह हिरवानी, उत्तम सिंह हिरवानी, जनपद सदस्य राकेश हिरवानी, गज्जू हिरवानी, गुलाब हिरवानी, वेदनारायण साहू, दिनेश साहू, सरपंच ग्राम करगाडीह जामवंत गजपाल, खिलेश देशमुख, राजेश साहू, संदीप साहू, महेन्द्र हिरवानी, सरपंच बोरीगारका गुंजेश्वरी साहू, श्रद्धा साहू, विक्रम बंजारे, यशु देशमुख, लोकेश ठाकुर, पुनीत ठाकुर, महेन्द्र ठाकुर, नोहर बंजारे, मंगल बंजारे, गिरधर, उग्रसेन साहू, खुमान साहू, सन्तोष देशमुख, हीरालाल साहू, मेश राम साहू, जंगल राम साहू, राम सागर साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने ग्रामीण संस्कृति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हरेली पर्व में गांव-गांव में पारंपरिक खेल का आयोजन होता था जिसमें खो-खो, कबड्डी, फुगड़ी, गिल्ली डंडा, नारियल फेक, भाला भेक, दौड़, कुर्सी दौड़, कुश्ती ये सब खेल प्रत्येक गावों में देखने को मिल जाता था सभी पर्व और त्यौहार को पूरे धूमधाम से मनाते थे, लेकिन आज आधुनिकता के युग में मोबाईल ने इस खेल को छीन लिया है। हमें अपनी भाषा, खान-पान, रहन-सहन के प्रति जागरूक होकर त्योहार पर्व को मनाना होगा। छत्तीसगढ़ शासन इस दिशा में प्रयासरत है। हमारी मातृशक्ति हमारे संस्कृति के संवाहक है और युवा इसके संरक्षक ग्राम पाउवारा में उसकी तस्वीर देखने को मिली है। उन्होंने आयोजक, विजेता, प्रतिभागियों को बधाई दी। सभी ने खेल भावना का परिचय के साथ इस खेल का आनंद लिया। साथ ही विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान किया गया।

ग्राम पाउवारा सरपंच वामन साहू ने बताया कि ग्राम कोड़िया, कोकड़ी, पाउवारा, बोरीगरका व करगाडीह आदि ग्राम पंचायतों में सर्वप्रथम महिलाओं का खेलकूद का आयोजन पंचायत स्तर पर किया गया। जिसमे से प्रथम, द्वितीय आने वाली महिलाओं ने पाउवारा के आयोजन में भाग लिया। कबड्डी, फुगड़ी, कुर्सी दौड़, मटका फोड़, चीला व छत्तीसगढ़ी व्यंजन आदि खेलों के साथ बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम, गेड़ी नृत्य व मैराथन का विशेष अयोजन हुआ। अयोजन समिति की ओर अतिथियों को शाल, श्रीफल व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप

### स्वतंत्रता दिवस की तैयारी

**अंडा।** शासकीय हाई स्कूल मोहलाई में स्वतंत्रता दिवस की तैयारी जोरों से चल रही है। शाला प्रांगण की सफाई, राष्ट्र भक्ति गीत, भाषण, कविता, जय कारा एवं नारा में बच्चे बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। छात्राओं की साज-सज्जा को आकर्षक एवं एकरुपता लाने के लिए प्राचार्य लखन लाल साहू ने छात्राओं को निःशुल्क रिबन वितरण किया। उन्नयन शाला में यह प्रथम स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया जायेगा इसलिए छात्र, पालक एवं शिक्षक उत्साहित हैं। प्राचार्य ने बैठक लेकर कार्य विभाजन किए वहीं सरपंच, पंचगण, पालकों एवं गणमान्य लोगों को आमंत्रण भेजा गया है।

### कांवड़ यात्री पहुंचे टोलाघाट



**कुम्हारी।** बोल बम कांवड़ यात्रा समिति पाटन के तत्वावधान में आयोजित विशाल कावड़ यात्रा में सम्मिलित होने कुम्हारी के करीब 1200 शिवभक्त राकेश पाण्डेय के नेतृत्व में टोलघाट स्थित प्राचीन शिवालय में जलाभिषेक के लिए पहुंचे। बोल बम के जयकारों से शिवभक्त कांवड़ लिए यात्रा में शामिल हुए यह कांवड़ यात्रा विगत 12 वर्षों से अनवरत चल रहा है जिसमे स्थानीय शिवभक्त भी शामिल होते हैं।

## निधन

### मोहन लाल सेन

**भिलाई।** ग्राम चिंगरी निवासी मोहन लाल सेन उम्र 80 वर्ष का



ह्रदय गति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे मेहतरीन बाई के पति, केवलचंद सेन के पिता और मनीष सेन, युगल किशोर सेन के दादा थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## बिजनेस साइट

### निःशुल्क परामर्श शिविर

**भिलाई।** शॉप नं बी 18 कैनरा बैंक के पास डॉक्टर नायक क्लीनिक के सामने आर्य नगर दुर्ग में संचालित विशाल डेंटल क्लीनिक में 5 से 15 अगस्त तक सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक निःशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में उपलब्ध सुविधा खराब दांत निकालना, रूट कैनाल, मशाला भरना, टूटे दांतों का ईलाज, कैपिंग, दांतों की सफाई, इम्प्लांट, टेढे मेढे दांतों का उपचार, बच्चों का दांत संबंधी उपचार किया जाता है।


## केंद्र सरकार की पेयजल योजना संदेश स्वतंत्रता की उपहार खुशी की लहर

# केंद्र सरकार ने 19 गांवों को खारुन नदी से पेयजल आपूर्ति के लिए किया काम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

### प्यासे को मिलेगा पानी, स्वतंत्रता दिवस पर सुखद संदेशः लालेश्वर





केंद्र सरकार ने 19 गांवों को पेयजल प्रबंधन के लिए खारुन नदी की पानी को फिल्टर और स्टोर कर वितरण की दिशा में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की निगरानी में ठेकेदार वेस्ट इंडिया कांट्रेक्ट कंपनी भिलाई को कार्य सौंप दिया है। जनवरी 2024 से प्रारंभ कार्य 12 माह में पूर्ण करने की योजना के साथ प्रारंभ हो गया है। 17 करोड़ 86 लाख 39 हजार रुपए लागत से निर्मित होने वाली पेयजल मिशन का टेंडर अक्टूबर 2023 में हुआ। उक्त जानकारी देते हुए प्रोजेक्ट मैनेजर जितेंद्र बक्शी ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत खारुन नदी का पानी फिल्टर होकर पेयजल के लिए परेशान 19 गांवो का प्यास बुझाएंगी।

जामगांव आर मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, महामंत्री तेजेंद्र पिपरिया, राजेश बंछोर, पिछड़ा मोर्चा भाजपा जिला अध्यक्ष रूप सिन्हा, पूर्व कोषाध्यक्ष नरेश केला, पूर्व महामंत्री प्रमोद जैन, भगवान चंद्राकर, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू, भाजपा नेता राजेश चंद्राकर ने कहा कि केंद्र सरकार की इस योजना की जानकारी आम जनता को स्वतंत्रता दिवस की उपहार के रूप में मिल रही है। खबर सुनकर पानी के लिए तरसने वाले ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे हैं।

### अविलंब गढ्ढे समतल किये जाएंगे

जामगांव आर में भी डामरीकृत सड़क के किनारे गढ्ढे खोदकर पाइप लाइन बिछाने का काम पीएचई विभाग पाटन के मार्गदर्शन में प्रारंभ हो चुका है। इसी तारतम्य में मेन रोड से साप्ताहिक बाजार रोड को जोड़ने वाली संगम स्थल पर पाइप डालने गढ्ढा खोदे एक सप्ताह बीत गए। इस गढ्ढे के कारण इस व्यस्थतम मार्ग से चार पहियां वाहनों की आवाजाही बंद हो गई। जिससे जन आक्रोश पनपता रहा। हरिभूमि ने इस जन आक्रोश से विभाग के एसडीओ पाटन को अवगत कराए तब एसडीओ खान ने तत्काल गढ्ढे को समतल कराने निर्देश दिए। प्रोजेक्ट मैनेजर पार्थव सारथी राय ने गढ्ढे का निरीक्षण किया। विदित हो इसी मार्ग से स्वतंत्रता दिवस की रैलियां निकलती है। अधिकारियों ने कहा कि अविलंब गढ्ढे समतल कर दिया जाएगा।

### पेयजल सुविधा लाभान्वित होंगे

एसडीओ खान ने बताया कि जामगांव आर, बोरवाय, कुम्हली, औरी, धमना, नवागांव, बटरेल, किकिरमेटा, रिवागहन, अकताई, बेलहारी, ओदरागहन, चारभाठा, सुरपा, टेमरी, भनसूली, मोहभठ्ठा, करेला, बीजाभाठा लाभान्वित होंगे।

### पाइप लाइन काम चालू

" ओदरागहन के पास खारुन नदी का पानी बेलहारी में फिल्टर प्लांट और टेमरी में पानी टंकी बनाकर पेयजल पानी के लिए तंगहाल में गुजारा कर रहे 19 गांवों को आपूर्ति करने सड़क किनारे पाइप बिछाने का काम चल रहा है। काम समय सीमा में पूर्ण होने के लिए द्रुत गति से प्रारंभ है।

**जलादुद्दीन खान,**
पीएचई एसडीओ

# हर घर तिरंगा अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम पंचायत आमटी में स्कूल के बच्चे एवं पंचायत पंचगण द्वारा गांव में हर घर तिरंगा अभियान का जागरूकता किया गया। हमारा तिरंगा हमारे देश की शान है। हम भारतीय तिरंगे की खातिर सब कुछ न्यौछावर करने की सोच रखते हैं, बस हमारी सोच यही रहती है कि कैसे भी हमारा तिरंगा शान से लहराता रहे। स्वतंत्रता दिवस एक ऐसा उत्सव होता है जब देशभर में तिरंगा फहराकर आजादी का जश्न मनाया जाता है। हर साल यह अभियान 13 अगस्त से शुरू होकर 15 अगस्त तक चलता है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर सरपंच घनश्याम साहू, उपसरपंच जितेन्द्र कुमार साहू, पंचायत सचिव सुमन निर्मलकर, कुमार पटेल, तारिणी बाई, पुष्पा, देवश्री पटेल, अवध निषाद, देवेन्द्री बाई, मोतीलाल निषाद, सीमा साहू, जितेश्वरी साहू, सुरेश पटेल, लक्ष्मी चौधरी, श्याम बाई पटेल, विनोद कुमार साहू आदि उपस्थित थे।


## सर्टिफिकेट गुमा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं कंचन पिता सत्य नारायण, उम्र 29 वर्ष, साकिन राजीव नगर, जोन-02, खुर्सीपार शिव मंदिर के पास, खुर्सीपार भिलाई, जिला-दुर्ग। मेरी छत्तीसगढ़ नर्सिंग रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट क्रमांक एक्सआईएक्स-9717 की मूल प्रति 01 अगस्त 2024 को सुबह 11.30 बजे नगर निगम खुर्सीपार के आसपास कहीं गुम हो गई है। जिस किसी सज्जन को मिले उपरोक्त पते पर सूचना देवें।

**कंचन**
मो. नं. 9131717661



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) दुर्ग, जिला दुर्ग**

रा.प्र.क्रं. / ई-कोर्ट रजि.नं.-202408100400/33, अ-2/2023-24, पक्षकार का नाम- श्री राधेगोविंद बाजपेयी

**उद्घोषणा पत्र**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्री/श्रीमती श्री राधेगोविंद बाजपेयी आ० स्व. काशी प्रसाद बाजपेयी, निवासी रिसाली सेक्टर भिलाई जिला दुर्ग, द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु छ.ग. भू.रा. सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2) (5) के तहत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है ।

**अनुसूची**

ग्राम प.ह.नं. जहां आवेदित भूमि स्थित है-ग्राम-रिसाली प.ह.नं. 49 तहसील व जिला दुर्ग, खसरा नम्बर-274/8, रकबा (क्षेत्रफल)-0.400 हे. में से 750 वर्गमीटर, प्रयोजन-व्यवसायिक प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते है । नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 08/08/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया ।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
दुर्ग, जिला दुर्ग


## अछोटी मुक्तिधाम में पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नंदिनी अहिवारा

ग्राम अछोटी के मुक्तिधाम में सडक किनारे बरगद के 6 पौधे, पीपल 9 पौधे,जामुन का 2, ईमली का 1 और महुआ का 1 पौधा का रोपण फैंसिंग पोल और बांश के साथ जाली लगाकर किया गया। इस पुनीत कार्य में संजय पांडे, हीरालाल वर्मा, भुनेश्वर साहू, प्रहलाद वर्मा, पीलाराम वर्मा, ईश्वरी प्रसाद वर्मा, इंद्र कुमार कुर्रे, रामबनवास यादव, गोपेश वर्मा, लवकुश वर्मा, विकास वर्मा, टिकेंद्र वर्मा, राजू साहू, रणजीत साहू, राजशेखर पांडे, अनिल तिवारी, गजेंद्र वर्मा और विनोद साहू का सहयोग रहा। जिन्होंने अपना अमूल्य समय प्रदान कर पर्यावरण संरक्षण के कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। संगवारी समिति ग्राम अछोटी के द्वारा विगत 5 वर्षों से निरंतर प्रतिवर्ष वृहद पैमाने पर पौधारोपण किया जा रहा है। ये न केवल पौधा लगा रहे हैं साथ ही पूरे साल भर उनकी पूरी तरह देखभाल कर रहे हैं। परिणाम ये है कि साथियों ने जितने पेड़ रोपित किए गए शत-प्रतिशत सुरक्षित है और अपना आकार ले रहे हैं। इनका सपना मुक्तिधाम का क्षेत्र जो लगभग 100 एकड़ के करीब है उन्हे बरगद, पीपल और नीम के पेड़ से आच्छादित करना है।

■ संगवारी समिति अछोटी 5 वर्षों से लगातार वृहद पौधारोपण कर रहे हैं


## कवियों ने बांधा समां

**कुम्हारी।** ग्राम सुरजीडीह में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी साहित्यकार स्वर्गीय तिलक परगनिया के 27 वें पुण्यतिथि पर कवि सम्मेलन का सफ़ल आयोजन किया गया। जिसमें ॠतंभरा साहित्य समिति कुम्हारी सहित दुर्ग भिलाई एवं रायपुर से पधारे कवियों ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। सर्वप्रथम मन्नूलाल परगनिहा ने स्व. तिलक परगनिया के तैल चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलित व पुष्पांजलि अर्पित की पश्चात चिंतामणि साहू के द्वारा मां सरस्वती की वंदना के साथ कवि सम्मेलन की शुरुआत हुई। सभी कवियों ने अपनी अपनी मौलिक रचना के साथ स्व. तिलक पगनिया के लिखें काव्य संग्रह 'शिलालेख' पर अपने विचार प्रकट किए। डॉ. परदेशी राम वर्मा एवं महेश वर्मा ने तिलक के लेखनी पर प्रकाश डाला, मन्नूलाल परगनिहा ने हक की तिलक के जाने के बाद विगत 27 वर्षों से आज ही के दिन उन्हें याद कर यह आयोजन किया जाता जो अनवरत चल रहा है। सभी रचनाकारों ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. परदेशी राम वर्मा, विशेष अतिथि ब्रजेश मलिक व महेश वर्मा थे अध्यक्षता नारायण वर्मा एवं कार्यक्रम का सफ़ल संचालन डॉ. वीणासिंग रागी ने किया। कार्यक्रम में ओमवीर करण, बैकुंठ महानंद, छगन सोनी, बिंधराज कांटामांजी, लखन लाल साहू, नूरू सबा, फरीदा शाहीन भिलाई, चिंतामणि साहू, रघुनाथ देशमुख, बिसरूराम कुर्रे, जगन्नाथ निषाद, नंदलाल यादव, भूपेंद्र साहू, हेमलाल निर्मोही, डॉ. नीलकंठ देवांगन, कामता दिवाकर, रोहित निषाद, सुनीता परगनिया, सरिता आदि ने अपनी रचनाओं का पाठ किया।




### बाबा धाम के लिए हुए रवाना

**अंडा।** अछोटी के सरपंच व ग्रामीण जन बाबाधाम के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर घनश्याम दिल्लीवारख, नीलमणी दिल्लीवार, धरमपाल पिपरिया, छगन दिल्लीवार, देवनाथ देशमुख, संतोष धीवर, रमेश दिल्लीवार आदि हैं।



## मांगें पूरी नहीं होने पर सड़क की लड़ाई लड़ेंगे छात्र नेता

# पाटन कॉलेज की समस्याओं को लेकर एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

महाविद्यालय पाटन की समस्याओं को लेकर एनएसयूआई अध्यक्ष युवराज साहू ने प्राचार्य से चर्चा कर बताया कि पाटन कॉलेज में बहुत सी समस्या व्यापत हो चुकी है, जिससे छात्र परेशान है। वहीं इस ओर कोई ध्यान देने वाला नही है, जिससे पढ़ाई करने वाले स्टूडेंट को परेशानी का सामना करना पड़ता है। टीचर की कमी से पढ़ाई प्रभावित हो रही है। जिसकी सूचना मिलते ही छात्र नेता युवराज साहू ने तत्परता से प्राचार्य से अपनी बात रखी। जिस पर आश्वासन दिया गया है।

युवराज साहू जो कि एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष है उन्होंने महाविद्यालय प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर समस्या का समाधान नही हुआ तो 7 दिन बाद जमीन में बैठकर धरना देंगे। महाविद्यालय के छात्र के साथ उन्होंने कहा कि छात्रहित में जिस हद का लड़ाई लड़ना पड़े वो लड़ेंगे और अधिकार दिलाएंगे। उक्त चर्चा में विकास सिन्हा, विजय निषाद, धर्मेंद्र सिन्हा, योगेश सिन्हा, रोहन बघेल, पूनम वर्मा, रूपाली पवार, भारती ठाकुर, जानकी बंजारे सहित आदि उपस्थित थे।

### छात्रों ने दी आंदोलन की चेतावनी

शासकीय चंदूलाल चंद्राकर कला व विज्ञान महाविद्यालय पाटन के प्रबंधन द्वारा छात्रों द्वारा प्राचार्य से चर्चा करते हुए, समस्याओं को जल्द ही निपटारा करने की बात कही गई है छात्र नेता उमा शंकर निर्मलकर ने कहा कि अगर महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो वे उग्र प्रदर्शन व सड़क की लड़ाई लड़ेंगे।



### लगभग सभी विभागों में शिक्षकों की कमी

ज्ञात हो कि शासकीय चंदूलाल चंद्राकर कला व विज्ञान महाविद्यालय पाटन में हर विभागों में शिक्षकों की कमी है जिसके चलते छात्र-छात्राओं को अध्यापन कार्य करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है जिससे कि शिक्षा की महत्ता को समझने में असमर्थ हो रहे हैं। वहीं छात्रों ने प्राचार्य से चर्चा करते हुए बताया कि शासकीय चंदूलाल चंद्राकर कला व विज्ञान महाविद्यालय पाटन में कर्मचारियों के द्वारा छात्रों के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है जिससे कि छात्रों को बहुत से दिक्कतें आ जाता है, किसी समस्या को लेकर छात्रों द्वारा कर्मचारी से चर्चा करने पर उन्हें उल्टा सीधा जवाब दे दिया जाता है।

**खबर संक्षेप**

### तालाब में मिला शव

**अंडा।** ग्राम रसमड़ा में नवा तरिया तालाब में अज्ञात व्यक्ति का शव पानी में तैरते मिला। पुलिस मौके पर पहुची और मर्ग कायम कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक व्यक्ति पुरुष है जिसकी उम्र 35-40 वर्ष है। ग्रामीणो की मदद से तालाब से बाहर शव को निकला गया। पुलिस मृतक के वारिसानों की तलाश में जुटी हुई है। हाइट उंचाई 5.5 फीट रंग सांवला, चेहरा गोल पानी में डूबने से शरीर पूरा फुल हुआ है। दाढी मुंछ हल्की है। बाल काला, हरा रंग का हाफ टी शर्ट, नीला रंग का हाफ पैन्ट, नीला सफेद चेकदार लूंगी पहना है।

### स्वतंत्रता दौड़ आज

**दुर्ग ।** जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 14 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में एक दिन पूर्व स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। स्वतंत्रता दौड़ प्रातः 8 बजे रविशंकर स्टेडियम दुर्ग के मुख्य गेट से आरम्भ होकर आदर्श कन्या शाला, गांधी चौक, पटेल चौक, पुराना दुर्ग थाना, इंदिरा मार्केट, फरिश्ता कॉम्पलेक्स चौक, पचरीपारा नया बस स्टैंड रोड़ से बस स्टैंड होकर चर्च रोड़ से होते हुए पुनः मुख्य गेट रविशंकर स्टेडियम पहुंचकर समाप्त होगी। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक से मिली जानकारी के अनुसार स्वतंत्रता दौड़ में विद्यालय, महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं, अध्यापक, खिलाड़ी, गणमान्य नागरिक, समस्त शासकीय एवं अशासकीय अधिकारी-कर्मचारी आमंत्रित है।

### 15 को निकाली जाएगी संस्कृति रक्षा यात्रा

**दुर्ग।** संत आशाराम बापू आश्रम नंदिनी नगर के तत्वधान में युवा सेवा संघ एवं श्री योग वेदांत समिति के युवाओं द्वारा देशभक्ति वाहन रैली निकाली जाएगी। यात्रा की शुरुआत सुबह 11 बजे नंदिनी आश्रम से भारत माता के मंगल आरती के साथ किया जायेगा। देशभक्ति यात्रा नंदिनी आश्रम से होते हुए नंदिनी-खुंदनी, पथरिया, सोनेसरार, धमधा, परोड़ा, कन्हारपुरी, खिलोरा, गाड़ाघाट, बोरी, दनिया, नंदकट्ठी, कोड़िया, पोटिया, अहिवारा से होते हुए पुनः नंदिनी आश्रम में कार्यक्रम का समापन एवं पूर्णाहुति होगी।

# बीएसपी स्कूलों और विद्यार्थियों को वितरित किया जा रहा तिरंगा

**बीएसपी ने बांटे 5 हजार राष्ट्रीय ध्वज**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग (सीएसआर) द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत, देश के स्वतंत्रता दिवस के पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत 5000 से भी अधिक राष्ट्रीय ध्वज "तिरंगा" का वितरण किया जा रहा है। संस्कृति मंत्रालय, इस्पात मंत्रालय, बीएसपी-सीएसआर के निर्देशों के तहत स्वतंत्रता दिवस और हर घर तिरंगा अभियान के उपलक्ष्य में भारतीय डाक विभाग से 5000 राष्ट्रीय ध्वज खरीदे गए। वितरण के लिए विभिन्न विभागों को वितरित किया गया। अभियान के तहत प्रत्येक नागरिक को अपने घर पर तिरंगा फहराने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। रावघाट में 200, राजहरा / आईओसी में 700, नंदिनी खदान समूह में 100, हिर्री माइंस में 100, केटीआर में 100, शिक्षा विभाग में 1500, भिलाई इस्पात विकास विद्यालय में 1500, नगर सेवाएं विभाग (टीएसडी) में 100, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग में 100, सी आई एस एफ में 100, आईएस एवं सीएलसी में 100 तथा अग्निशमन सेवाएँ विभाग में 100 राष्ट्रीय ध्वज का वितरण किया गया । इस तरह शिक्षा विभाग में कुल 3000 राष्ट्रीय ध्वज वितरित किया गया। साथ ही रावघाट माइंस में 200, राजहरा माइंस, हिर्री माइन्स एवं नंदनी माइंस में कुल 1000 राष्ट्रीय ध्वज वितरित किया गया। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य विभाग, सीआईएसएफ, आईआर एवं सीएलसी, अग्निशमन विभाग व ऑफिसर्स एसोसिएशन आदि विभागों में 100-100 तिरंगे का वितरण किया गया। इसी कड़ी में भिलाई इस्पात विकास विद्यालय के छात्र/छात्राओं तथा स्टाफ को भी राष्ट्रीय ध्वज वितरित किया गया। साथ ही कर्मचारियों को राष्ट्रीय ध्वज के वितरण हेतु, चिकित्सा विभाग को भी निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा राष्ट्रीय ध्वज सौंपा गया। हर घर तिरंगा अभियान के अनुपालन में, सेल-बीएसपी के निदेशक प्रभारी संयंत्र के कार्यपालक निदेशकों सहित इस्पात बिरादरी के वरिष्ठ अधिकारियों के आवासों में भी राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगा' लहरा रहा है। इसके अतिरिक्त बीएसपी के अधिकारियों, कर्मचारियों और अन्य सदस्यों के आवासों के लिए भी राष्ट्रीय ध्वज "तिरंगा" का वितरण किया गया है।

## स्वतंत्रता आंदोलन की अलख जगाने दो बार आए महात्मा गांधी

# आजादी की जंगः जब दुर्ग के क्रांतिकारी रघुनंदन सिंगरौल ने फूंकी थी कचहरी

विमल शंकर झा ▶▶ भिलाई

पंद्रह अगस्त, हमारे देश के स्वतंत्रता दिवस का यादगार दिन..। अनगिनत देशभक्त शहीदों की शहादत की विरासत और शौर्य पर गर्व करने का खुशनुमा लम्हा । और उनकी इस अमूल्य धरोहर की रक्षा और परंपरा को समृद्ध करने ईमानदार संकल्प लेने का दिन..।

व्यापारी बनकर आए देश के मालिक बन बैठे अंग्रेजों की दौ सौ बरस की गुलामी से निजात दिलाने देश ने अपूर्व बलिदान दिया। भारत को आजाद कराने के लिए 1857 को मंगल पांडे के पहले विद्रोह से लेकर भगत, चंद्रशेखर और स्वतंत्रता के महानायक महात्मा गांधी की अगुवाई में चले लंबे स्वतंत्रता आंदोलन में देश के लिए मर मिटने वालों लाखों, करोड़ों राष्ट्रभक्तों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। अपने लहू से आजादी का इतिहास लिखने वाले जांबाज रणबांकुरों में देश के हर प्रांत भाषा,जाति और मजहब के लोग शुमार हैं। नई पीढ़ी के लोगों को यह जानकर गर्व होगा कि आजादी की जंग में अहम भूमिका निभाने वाले समूचे छत्तीसगढ़ के साथ दुर्ग जिले का भी अपूर्व अवदान है। गांधीजी के आह्वान पर राष्ट्रीय स्तर पर 1942 में जंग तेज होने पर दुर्ग के क्रांतिकारियों ने जुलूस, जमीनी आंदोलनों और भूमिगत गतिविधियों से अंग्रेजों के नाक में दम कर दिया। कई स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के साथ सिंगरौल बंधुओं की कुर्बानी और शौर्य की गाथा को यादकर स्वतंत्रता सेनानियों के परिजन के साथ शहर के बुजुर्ग देशभक्ति के जज्बे से भावविभोर हो जाते हैं। अपनी आजादी की आवाज अंग्रेजी हुकूमत के अत्याचार से बेजार क्रांतिकारी रघुनंदन सिंगरौल ने साथियों के साथ गांधी जयंती 2 अक्टूबर 1942 को जिला कचहरी दुर्ग में आग लगाने की योजना बनाई। गोरे सिपाहियों को झांसा देकर उन्होंने छिपाक रखे कैरोसीन व धोती का पलीता बनाकर रात नौ बजे कचहरी में आगे लगा दी। लेकिन रघुनंदन पकड़ लिए गए और असली अपराधी का नाम पूछने उन्हें कठोर यातनाएं दी गईं। वे टूटे नहीं और घर की तलाशी में भी कुछ नहीं मिला। इसके पूर्व 5 सितंबर को भी उन्होंने जसवंत सिंह के साथ नगर पालिका भवन को आग के हवाले कर दिया था।



### देशभक्त सिंगरौल को अंग्रेजों ने जेल में दी थीं कठोर यातनाएं

गोरी पुलिस ने रघुनंदन सिंगरौल को वास्तविक अपराधी व साथियों का नाम बताने कई दिनों तक यातनाएं दीं। उन्हें डंडों और जूतों से निर्ममता से पीटा गया। असली अपराधी का पता बताने वाले के लिए 10 हजार का ईनाम घोषित किया गया। एक दिन सिंगरौल की इतनी बेदर्दी से पिटाई की गई कि वे मूर्छित हो गए। उनका इलाज जेल के डां. दुबे ने किया। विद्रोहस्वरुप उन्होंने दिल्ली से आए एक पुलिस अफसर पर हमला कर दिया। इस पर अंग्रेज सिपाहियों ने रघुनंदन सिंगरौल को बूटों और लाठियों से बेदम पीटा। इसके बाद उन्हें सेंट्रल जेल रायपुर भेज दिया गया। लगातार यातन से उनकी हालत मरणासन्न हो गई। 4 साल जेल में रहने के बाद उन्हें आजादी की जंग के सिपहसालार पं. रविशंकर शुक्ल के दबाव के बाद छोड़ा गया। उनके भाई रामकुमार सिंगरौल ने भी क्रांतिकारी गतिविधियों से अंग्रेजी प्रशासन को हिला दिया । पाटन के बुजुर्ग के दौआराम चंद्राकर बताते हैं कि पाटन ने सबसे ज्यादा स्वतंत्रता सेनानी दिए।

### पाटन के हैं सर्वाधिक सेनानी

स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान दुर्ग कस्बे के साथ जिले के अनेक देशभक्तों ने त्याग किया। दुर्ग के घनश्याम सिंह, रत्नाकर झा, गुप्त,रामगोपाल, तिवारी, रामकुमार गुप्त, महंत पुसऊ दास, गेंदलाल, दाऊ ढालसिंह, उदयराम, तामस्कर, डोनगांवकर, गोवर्धनलाल, रामधार नायक,गंगा प्रसाद चौबे,चंडीप्रसाद गुप्ता, निरंजन गुप्ता, जमनाप्रसाद कसार, भागबली चंद्राकर सहित अनेक देशभक्तों ने आजदी के आंदोलन मे योगदान दिया। सभी दुर्ग जेल में रहे। कई ने यातनाएं भी झेलीं। स्वतंत्रता सेनानियों के परिजन बताते हैं कि सभी देश को आजाद कराने का एक जुनून और जज्बा था। इनके त्याग से 15 अगस्त को देश को आजादी मिली। अलख जगाने गांधीजी 1020 और 32 दो बार दुर्ग आए। वे संविधान की हिंदी अनुवाद समिति के अध्यक्ष घनश्याम सिंह गुप्ता के घर ठहरे थे। सभागांधी चौक में हुई थी।

### सिंटर संयंत्रों के लिए वॉलीबॉल मैच



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के टीम बिल्डिंग के लिए सिंटर संयंत्र 2 और 3 के अधिकारियों के साथ एक वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया गया है। मैच आपसी सहयोग व, टीमवर्क के उद्देश्य के लिए किया जा रहा है। सीजीएम अनूप कुमार दत्ता उपस्थित रहेंगे। सीजीएम अनूक कुमार दत्ता व आयोजन समिति के सदस्यों व अतिरिक्त मैच क्यूरेटर विनोद नायर और अंपायर राजेश धारकर के प्रयास से मैच सपन्न हुआ।

### देशभक्ति गीतों का आयोजन आज

**दुर्ग।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में नगर निगम दुर्ग के सहयोग से छत्तीसगढ़ मंच दुर्ग द्वारा स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या 14 अगस्त को शाम 6 बजे से पुराना बस स्टेंड में देशभक्ति गीत ऐ मेरे वतन के लोगो एवं अन्य फिल्मी गीतों का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि महापौर धीरज बाकलीवाल, सभापति राजेश यादव एवं पार्षद गण उपस्थित रहेंगे। छत्तीसगढ़ मंच के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत ने बताया कि छत्तीसगढ़ मंच की मांग पर राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा नगर निगम दुर्ग के सहयोग से प्रतिवर्ष यह कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।

### छग क्रिकेट संघ स्पर्धा के लिए चयन 17 से

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ द्वारा सत्र 2024-25 के लिए अंडर-14 एवं सत्र 2025-26 के लिए अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम भी भाग ले रही है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड, सिविक सेंटर में टीम के गठन के लिए चयन स्पर्धा आयोजित की गयी है। अंडर-14 (बालक) के लिए चयन स्पर्धा का आयोजन 17 अगस्त को तथा अंडर-16 (बालक) के लिए चयन स्पर्धा 20 अगस्त को सुबह 9 बजे से किया जाएगा। भिलाई परिधि के युवा (बालक) खिलाड़ी, अंडर-14 के लिए जिनका जन्म दिनांक 01-09-2010 से 31-08-2012 के बीच तथा अंडर-16 के लिए जिनका जन्म दिनांक 01-09-2009 से 31-08-2011 के बीच हुआ हो, वही इस चयन स्पर्धा में भाग लेने के लिए पात्र होंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए इच्छुक खिलाड़ियों को अपने साथ निम्न दस्तावेजों की मूल एवं प्रतिलिपि साथ लाना आवश्यक है।

**निधन**

### ताराचंद यादव



**भिलाई।** सुभाष नगर जामुल वार्ड 10 निवासी ताराचंद यादव 80 वर्ष का निधन हो गया है। जिनक अंतिम संस्कार जामुल में किया गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड गए हैं।

### नीना भट्ट



**भिलाई।** दीक्षित कॉलोनी कोसा नगर निवासी नीना भट्ट (आत्मजा स्वर्गीय उषा भट्ट व जी.आर भट्ट) का निधन अल्प बीमारी के बाद आज 13 अगस्त को हो गया। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में 14 अगस्त को दोपहर 12 बजे होगा। उनकी अंतिम यात्रा दीक्षित कॉलोनी स्थित निवास से सुबह 11 बजे रवाना होगी। वे नीरज भट्ट, पंकज भट्ट तथा निधि त्रिवेदी की बड़ी बहन थी।

## जिला चिकित्सालय में एक साथ तीन जुड़वां बच्चों का जन्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिला चिकित्सालय में पहली बार आपरेशन से एक साथ तीन जुड़वा बच्चों का जन्म हुआ है। जिला चिकित्सालय के अंतर्गत मातृत्व और शिशु विभाग में मंगलवार को डिलेवरी केस में ऑपरेशन से तीन जुड़वा बच्चे की डिलेवरी डा. विनीता ध्रुव और उनकी टीम के द्वारा किया गया। जिसमे एनास्थेटिक डा. बसंत चौरसिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इन तीन जुड़वा बच्चों में सभी कन्या है। कोरोना काल में भी जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों का सक्रिय जुझारू और उल्लेखनीय योगदान रहा। डा. विनीता ध्रुव द्वारा 100 से अधिक जुड़वा बच्चों की डिलेवरी का रिकॉर्ड बना चुकी हैं। उनके द्वारा कई जटिल ऑपरेशन भी सभी चिकित्सकों एवम् कुशल टीम द्वारा सफल संचालित हो रहे हैं। जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन अधीक्षक डॉ हेमंत साहू एवम् जीवन दीप समिति के आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर और मानद सदस्य प्रशांत डोंगावकर द्वारा चिकित्सकों के इस सफलता पर बधाई दी है।



- मां सहित तीनों बच्चे स्वस्थ, डाक्टरों की बड़ी भूमिका

## कलेक्टर ने प्रदान किया आवेदक को इलेक्ट्रिक व्हील चेयर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी जनदर्शन के दौरान लोगों की मांग एवं समस्याओं पर विशेष ध्यान रखते हुए उन्हें हरसंभव उनकी मंशानुसार सुविधाएं उपलब्ध कराने तत्पर रहती है। इसी कड़ी में आज कलेक्टर सुश्री चौधरी ने जनदर्शन कार्यक्रम में प्रस्तुत आवेदन को संज्ञान में लेते हुए आवेदक प्रमोद जैन दिव्यांग को समाज कल्याण विभाग के सौजन्य से इलेक्ट्रिक व्हील चेयर प्रदान किया गया। इसी प्रकार ताराचंद साहू द्वारा कलेक्टर के समक्ष उपस्थित होकर अपनी पत्नी श्रीमती दीपलता साहू के स्वास्थ्यगत समस्याओं की जानकारी देते हुए आटोमेटिक बेड की मांग की गई थी। कलेक्टर द्वारा उन्हें एक मेडिकल बेड प्रदान किया गया। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक अमित सिंह परिहार उपस्थित रहें।

## से.6 खेल मैदान मामले ने पकड़ा तूल, बुजुर्ग इंटक नेता गजेंद्र सिंह ने पौधे तोड़ने की कलेक्टर से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

- पूर्व पार्षद सूर्यकांत पर कार्रवाई व स्थल निरीक्षण की मांग

बुजुर्ग श्रमिक नेता और भिलाई इस्पात संयंत्र से सेवानिवृत्त कर्मचारी ठाकुर गजेंद्र सिंह ने कलेक्टर से मिलकर सौंपे गए ज्ञापन में पीएम मोदी के एक पेड़ मां के नाम पर सेक्टर 6 मैदान में किए गए पौधोरोपण अभियान के संबंध में पूर्व पार्षद द्वारा झूठी शिकायत करने और पौधों को उखाड़ने की शिकायत की है। उन्होंने वस्तुस्थित से अवगत कराते हुए कार्रवाई की मांग के साथ घटना स्थल का निरीक्षण कर वस्तुस्थित की सही जानकारी लेने का आग्रह किया है।

श्री सिंह ने बताया कि सेक्टर 6 के पूर्व पार्षद सूर्यकांत सिन्हा उनके पिता रिटायर बीएसप कर्मी व वर्तमान वार्ड पार्षद तथा कुछ लोगों द्वारा हमारे पौधारोपण के संबंध में झूठी शिकायत की गई है। हम दुर्गा पूजा में व्यवधान डाल रहे हैं संबंधी भ्रामक शिकायत धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाली है। श्री सिंह ने ज्ञापन में बताया कि सूर्यकांत और महादेव मिश्रा ने 12 अगस्त को रात 11 बजे शहर के प्रतिष्ठित लोगों द्वारा शनिवार को किए गए दो पौधों और सुरक्षा के बांस बल्ली को उखाड़कर फेक दिया। उन्होंने बताया कि मेरे व पुत्र तथा पड़ोसी तरुण निहाल के विरोध करने पर पूर्व कहा कि अब किसी पेड़ का हाथ लगाया तो बहुत बुरा होगा। महादेव मिश्रा तथा पडोसी गुजरात महिला ने धमकी दी कि पौधों के 1 दिन में नहीं हटाया तो सूर्यकांत हटा देगा, कलेक्टर ने शिफ्ट करने की अनुमति दे दी। ज्ञापन में बताया कि सड़क 13 ब्लाक 3 सेक्टर 6 मैदान में हमारे पौधारोपण मामले की वास्तविकता यह है कि यहां 2020 में सिन्हा ने भिलाई निगम की बिना वित्तीय अनुशंसा व बीएसपी से बिना एनओसी अनुमति के दुर्गा पंडाल के पीछे की जमीन पर कार्य प्रांरभ कर दिया था और मोहल्लावासियों के विरोध पर बीएसपी ने 6 अक्टूबर 20 को सिन्हा के साथ विधायक को भी पत्र भेजकर ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजरने के कारण अपनी जमीन पर एनओसी नहीं देने की सूचना दी थी। बावजूद सिन्हा ने 2023 में इस मैदान में रेत, सीमेंट गिराकर, मोहल्ले के कुछ लोगों को गुमराह कर डोमशेड बनाने की बात कही तो वार्डवासियों के विरोध व सूचना पर बीएसपी के नगर सेवा के प्रवर्तन टीम मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण को रुकवा दिया था। बीएसपी के डीजीएम ने 4 अप्रेल 23 को निगम आयुक्त को पत्र लिखकर बिना एनओसी निर्माण पर कड़ा ऐतराज भी जताया था, जिसकी प्रति कलेक्टर, एसपी, जोन कमिश्नर, सीजीएम व सूर्यकांत को भी दी थी। गजेंद्र सिंह ने ज्ञापन में बताया कि पूर्व पार्षद सूर्यकांत आपराधिक पृष्ठभूमि का बताते हुए कार्रवाई के साथ कलेक्टर से मैदान का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति से अवगत होने की अपील की है।

### गजेंद्र का कब्जा हटाएंः सूर्यकांत

सेक्टर 6 वार्ड के पूर्व पार्षद सूर्यकांत सिन्हा ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि इंटक नेता गजेंद्र सिंह ने बच्चों और महिलाओं के टहलने के सेक्टर 6 खेल मैदान में 26 साल से हो रहे दुर्गापूजा आयोजन को बाधित करने रातोंरात पौधारोपण कर दिया है। पौधारोपण की प्रशासकीय स्वीकृति भी नहीं ली गई। वार्डवासियों कब्जाधारियों विरोध कर कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत कर पौधारोपण को हटाने की मांग की है। गजेंद्र सिंह की जबरिया पौधारोपण के खिलाफ प्रदर्शन भी किया गया। विज्ञप्ति में बताया कि नगर निगम से भी पौधोरोपण के कब्जे को हटाने और उचित की मांग की गई है। सूर्यकांत सिन्हा ने विज्ञप्ति में बताया कि उमंग महिला समूह ने कलेक्टर को पत्र में एक एक पौधे को गोद लेकर ट्रीगार्ड सुरक्षा का प्रस्ताव भी दिया है। बताया कि शीघ्र मैदान के पौधे का व्यवस्थापन नहीं करने पर स्वयं पौधों को गोद लेकर उचित स्थान पर लगाने के संकल्प लेने आगाह किया है।

## सुन्दरनगर वासियों को मिला उद्यान विधायक-महापौर ने किया लोकार्पण



**दुर्ग।** सुन्दरनगरवासियो को उद्यान की सौगात मिली है। बच्चों को खेलने के लिए सुरक्षित स्थान मिलेगा तो बड़े बुजुर्गों को सुबह शाम टहलने समय बिताने कॉलोनी में ही उपयुक्त स्थल मिलेगा। विधायक गजेंद्र यादव एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने नवनिर्मित उद्यान का लोकार्पण किया। परिसर में हरियाली बढ़ाने स्थानीय नागरिकों के साथ पौधारोपण किये और पौधे को बड़ा करने का संकल्प दिलाया। धनोरा रोड सुन्दरनगर बोरसी में जागृत साहू समाज द्वारा एक पेड़ मां के नाम आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक गजेंद्र यादव शामिल हुए। उन्होंने बताया बीमारियों से रक्षा के लिए नीम का पेड़, पूजा पाठ में आम के पत्ते क्यों अनिवार्य होते है। उन्होंने कॉलोनी के हर परिवार को एक पेड़ लगाकर उसकी सुरक्षा करने अपील की। साहू समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कॉलोनी में नवनिर्मित उद्यान का विधायक गजेंद्र यादव एवं महापौर ने विधिवत पूजन कर लोकार्पण किया। इस दौरान साहू समाज के जिलाध्यक्ष नंदलाल साहू, रोहित साहू, गुलशन साहू, रामखिलावन, जीआर साहू, दिलीप साहू, दीपक साहू सहित जागृत साहू समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

## महापौर कोसरे के नेतृत्व में, पांच हजार से अधिक शिवभक्त मौजूद रहे

# चरोदा से देवबलौदा तक निकाली गई कांवड़ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

चरोदा से लेकर देवबलौदा तक भोले बाबा की जयकारे का नारा लगाते हुए निगम महापौर निर्मल कोसरे के नेतृत्व में कांवड़ यात्रा निकाली गई। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री के सुपुत्र चैतन्य बघेल भी मौजूद थे। कांवड पद यात्रा कर प्राचीन शिव मंदिर में महाअभिषेक व पूजा अर्चना किया गया। वार्ड 21 चरोदा बस्ती के प्राचीन कुआं से जल लेकर शिव मंदिर देवबलोदा तक विशाल कावड़ यात्रा निकाली गई। आयोजन का यह तीसरा साल रहा है। इस वर्ष के कावड़ यात्रा में विशाल शिवलिंग एवं भगवान शंकर की झांकी आकर्षण का केंद्र बना रहा। चरोदा बस्ती के 100 साल पुराना कुआं में पूजा अर्चना कर जल लेकर शिव मंदिर देवबलोदा के लिए निकली। चरोदा बस स्टैंड में व्यापारी प्रकोष्ठ के द्वारा, स्टेट बैंक के पास ब्रह्मकुमारी बहनों द्वारा, काली मंदिर के पास, पदुमनगर गेट के पास, सिरसा गेट चौक में मुस्लिम समाज द्वारा, जी केबीन में एवं देवबलोदा पहुंचने पर वहां के नागरिकों द्वारा स्वागत किया गया।



पदुम नगर में कुर्मी समाज के राज प्रधान दुलारी वर्मा के नेतृत्व में स्वागत किया गया। सिरसा गेट चौक में मुस्लिम समाज, सुजीत बघेल ने अपने साथियों के साथ स्वागत किया। इस कांवड यात्रा में दुर्ग के महापौर धीरज बाकलीवाल, मनोज मढरिया, पूर्व पार्षद राम सूर्यवंशी पाषर्दगण मोहन साहू, टेनेंद्र ठाकरे, एस वेंकट रमना, मनोज डहरिया, संतोष तिवारी, भूपेंद्र वर्मा, संतोषी निषाद, दीप्ति वर्मा, देव कुमारी भल्लवी, शारदा मदनकर, मनीष वर्मा, कामता साहू, डे साहब वर्मा, बहलराम साहू समेत पांच हजार से अधिक शिव भक्त मौजूद रहे हैं।

**न्यायालय तहसीलदार भिलाई-3**
**मामले की श्रेणीः राजस्व**

संदर्भः- जिला- दुर्ग तहसील - भिलाई-3 प.ह.न. - 00012 कुम्हारी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. RD202324430217200075

**ईश्तहार**

तहसील भिलाई-3 के प.ह.न. 00012 के अंतर्गत ग्राम कुम्हारी के वर्तमान भूमिस्वामी धनेशकुमार शुक्ला पिता/पति-रामरक्षा शुक्ला पता- कांजी हाऊस कुम्हारी के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 197/13(0.0140) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता ममता शुक्ला पिता/पति-धनेश शुक्ला पता-बजरंग चौक कॉजी हाउस वार्ड नं- 12, कुम्हारी, तह भिलाई 03, जिला दुर्ग छ.ग. अकांक्षा शुक्ला पिता/पति धनेश शुक्ला पता-बजरंग चौक कॉजी हाउस वार्ड नं- 12, कुम्हारी, तह भिलाई 03, जिला दुर्ग छ.ग., सौरभ शुक्ला पिता/पति-धनेश शुक्ला पता-बजरंग चौक कॉजी हाउस वार्ड नं- 12, कुम्हारी, तह भिलाई 03, जिला दुर्ग छ.ग., अमीषा शुक्ला पिता/पति-धनेश शुक्ला पता-बजरंग चौक कॉजी हाउस वार्ड नं- 12, कुम्हारी, तह भिलाई 03, जिला दुर्ग छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20/08/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार भिलाई-3 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता /आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/08/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
PAWAN THAKUR
उप तहसील भिलाई-3


हर घर तिरंगा
विशाल तिरंगा रैली
14 अगस्त 2024
स्थान – वैशाली नगर विधानसभा
इस विशाल तिरंगा रैली में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे
माननीय कैबिनेट मंत्री श्री ओम प्रकाश चौधरी जी
एवं अभिनेत्री श्रीमती भाग्यश्री जी
आजादी के नायकों के सम्मान में आप सभी इस अभियान
से जुड़ें और हर घर तिरंगा लगाने का संकल्प लें।
श्री ओम प्रकाश चौधरी जी
माननीय कैबिनेट मंत्री
श्रीमती भाग्यश्री जी
अभिनेत्री
रोड मैप
रैली प्रारंभ
विधायक निवास लोकांगन वैशालीनगर भिलाई
10:00 am
अभिनेत्री भाग्यश्री जी (मुंबई) का स्वागत
गोल मार्केट, वैशालीनगर
10:05 am
भगत सिंह चौक पूर्व विधायक के घर के सामने से
10:10 am
इंदिरा चौक हनुमान मंदिर
10:15 am
गदा चौक
10:20 am
सुपेला चौक
10:25 am
नेहरू रोड
10:30 am
रावण भाठा
10:35 am
बघुवा मंदिर
10:40 am
स्पर्श हॉस्पिटल
10:45 am
आजाद चौक मुक्तिधाम
10:50 am
कैंप 01 मस्जिद
10:55 am
18 नम्बर रोड
11:00 am
सुभाष चौक
11:05 am
जलेबी चौक
11:10 am
लिंक रोड
11:15 am
जायसवाल आटा चक्की
11:20 am
विजय एप्रोच रोड
11:25 am
जनता मार्केट
11:30 am
जवाहर मार्केट
11:35 am
राधा किशन होटल
11:40 am
दीपक स्पोर्ट्स
11:45 am
शीतला मंदिर
11:50 am
मिलन चौक
11:55 am
साहू लकड़ी टाल
12:00 pm
युग निर्माण स्कूल के पीछे
12:05 pm
बैकुण्ठ धाम में
समापन कार्यक्रम
12:10 pm
रिकेश सेन
विधायक, वैशाली नगर विधानसभा